e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 233

रविवार

25.08.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### असम : चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**बंगाईगांव (असम) :** बांग्लादेश में तनावपूर्ण स्थिति के बीच न्यू बंगाईगांव रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस की छापामारी में तीन महिलाओं समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। रेलवे पुलिस ने आज बताया कि त्रिपुरसुंदरी एक्सप्रेस में एक गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे पुलिस द्वारा की गई छापामारी में चारों बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। रेलवे पुलिस ने एक युवक तथा तीन युवतियों को हिरासत में ले लिया। युवक 25 हजार रुपये दलाल को देकर त्रिपुरा बॉर्डर पार कर जंगल के रास्ते आया था। जबकि, तीनों युवतियों ने दलाल को 15 हजार रुपये दिये थे। उन्होंने मीडिया को बताया कि वे बांग्लादेश में तनावपूर्ण स्थिति के कारण काम की तलाश में असम आए थे। उनके साथ त्रिपुरा के रास्ते कुल 11 बांग्लादेशी असम में आए हैं।

### सेना प्रमुख ने मणिपुर में आंतरिक सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**नई दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मणिपुर का पहला दो दिवसीय दौरा करके सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शनिवार को राज्य में सेना के ग्राउंड कमांडरों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक करके सैनिकों से बातचीत की। उन्होंने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों को सराहा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य मणिपुर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना था। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विस्तृत चर्चा के बाद कई तरह के प्रयास सामने आए कि हमें इस यात्रा को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि राज्य में विश्वास, शांति और सौहार्द बना रहे।

### नेपाल में हुई दुर्घटना में भारतीयों की मौत पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख,की मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल में भारतीय बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई मौतों पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे नेपाल के तनहुन जिले में सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुखी हैं। वे शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं रखते हैं और घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। नेपाल में भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुआवजे की घोषणा की। इसके अनुसार नेपाल के तनहुन जिले में हुई दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### अब कोलकाता में सड़कों पर उतरे इंजीनियर

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले ने कोलकाता के इंजीनियर समुदाय में भी भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। इस घटना के खिलाफ आज शहर के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें बीमा सर्वेयर और हानि मूल्यांकनकर्ता संघ के सदस्य भी शामिल हुए। कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने वाई चैनल पर एकत्र होकर अपना विरोध दर्ज कराया। इन प्रदर्शनकारियों में बिमान बनर्जी, तनमय सरकार, बिश्वनाथ कर्मकार, किशोर कुमार नाथ, अयन दत्ता, मानवेंद्र चटर्जी, सौगत रॉय, और बिप्लब कुमार बिशाल प्रमुख रूप से शामिल थे। इन सभी ने वाई चैनल से महात्मा गांधी की मूर्ति तक मार्च किया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की।

### भारत की एकता को तोड़ रहे हैं राहुल गांधी : बीरेन सिंह

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी कांग्रेस भारत की एकता को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसे हास्यास्पद बताया कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ जाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री सिंह ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी से पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के लिए अलग झंडे के नेशनल कान्फ्रेंस के वादे और अनुच्छेद 370 एवं अनुच्छेद 35ए को बहाल करने के वादे के फैसले का समर्थन करती है? मुख्यमंत्री का दावा है कि ऐसा होने से यह क्षेत्र अशांति और आतंकवाद के पुराने युग में फिर से वापस चला जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कश्मीर के युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय पाकिस्तान के साथ बातचीत करके अलगाववाद को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

### रांची का तापमान

अधिकतम $30^0$

न्युनतम $24^0$

---

हजारीबाग में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# महिलाओं में दिख रहा उत्साह व उमंग : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य का कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां आज राज्य सरकार की कोई ना कोई योजनाएं नहीं पहुंच रही है। कई घर-परिवारों में सरकार की कई योजनाओं का लाभ एक साथ मिल रहा है। हमारा प्रयास राज्य वासियों की आर्थिक सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाना है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हजारीबाग में झारखंड मुख्यमंत्री सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान-मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला और युवाओं को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्रीमती बेबी देवी एवं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक उमा शंकर अकेला, विधायक विनोद सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व विधायक ममता देवी, फागु बेसरा, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा तथा हजारीबाग की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मात्र 2 सप्ताह में 42 लाख महिलाओं को सम्मान राशि देने का बन रहा रिकॉर्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं का जबरदस्त उत्साह देखते ही बन रहा है। महज दो सप्ताह में 42 लाख से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए और इन आवेदनों पर स्वीकृति भी देने का एक रिकॉर्ड बन रहा है। इस योजना से जुड़ने के लिए महिलाएं तेजी से आगे आ रही हैं। हर दिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह योजना अनवरत चलेगी और हर बहन-बेटी को इसके जरिए आर्थिक संबल प्रदान करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चतरा, कोडरमा एवं रामगढ़ की 13 लाख 94 हजार 82 बहन-बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की राशि**

### मुख्यमंत्री बोले : आने वाली पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन देने एवं आर्थिक सुरक्षा, सामर्थ्य और समृद्धि के लिए सरकार संकल्पित




**राज्य वासियों को आर्थिक सुरक्षा देना हमारी प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा राज्य है। आज भी यहां की एक बड़ी आबादी गरीबी की जिंदगी व्यतीत कर रही है। ऐसे में अभाव और वंचित समाज के लोगों को आर्थिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत बड़े बुजुर्ग, एकल महिला और दिव्यांगों को पेंशन दिया जा रहा है। किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन को माफ करने का निर्णय भी हमने लिया है। गरीबों को हर राशन कार्ड, महिलाओं को सम्मान राशि देने समेत ऐसी कई और भी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से हम लोगों को आर्थिक सुरक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 7 जिलों में कुल लक्ष्य का 94 प्रतिशत उपलब्धि हासिल

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 7 जिलों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 15 लाख 29 हजार 883 लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इस योजना की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुल लक्ष्य का 93.63 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने आज आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 13 लाख 94 हजार 82 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इनमे हजारीबाग के 2 लाख 29 हजार 835, धनबाद जिले के 2 लाख 63 हजार 751, बोकारो जिले के 2 लाख 66 हजार 537, गिरिडीह जिले के 2 लाख 95 हजार 966, कोडरमा जिले के 99 हजार 378, चतरा जिले के 1 लाख 38 हजार 237 और रामगढ़ जिले के 1 लाख 378 बहन- बेटियां शामिल हैं।

### हर उम्र की आधी आबादी को योजनाओं से कर रहे हैं आच्छादित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी वजह से राज्य सरकार हर उम्र की महिलाओं तथा बहनों -बेटियों के लिए योजनाएं लेकर आई है। एक तरफ यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन दिया जा रहा है। वहीं, बच्चियों को बेहतर शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है।अब झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उम्र तक की सभी महिलाओं को सम्मान राशि सरकार प्रदान कर रही है। इस तरह किसी भी उम्र की कोई भी महिला ऐसी नहीं होगी, जिन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ नाम मिल रहा हो।

---

केंद्र ने किया सरकारी कर्मचारियों के लिए नई स्कीम का एलान

## एकीकृत पेंशन योजना लॉन्च करने का लिया गया फैसला



एजेंसी

**नई दिल्ली:** सरकारी कर्मचारियों में पुरानी पेंशन स्कीम की जोर पकड़ती मांग के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा एलान किया है। बताया गया है कि सरकार ने नई पेंशन स्कीम की जगह अब सरकारी कर्मियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानी एकीकृत पेंशन योजना लॉन्च करने का फैसला किया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इसे लेकर सहमति बनी है। इसके अलावे केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन प्रमुख योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दे दी, जिन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एकीकृत केन्द्रीय क्षेत्र योजना 'विज्ञान धारा' में विलय कर दिया गया है।विज्ञान धारा' योजना का प्राथमिक उद्देश्य देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से संबंधित इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में विज्ञानं व प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमता निर्माण के साथ-साथ अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के कार्यान्वयन से शैक्षणिक संस्थानों में पूर्ण रूप से सुसज्जित अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं को बढ़ावा देकर देश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय के अनुसार इस योजना का उद्देश्य

**इस योजना के कार्यान्वयन से शैक्षणिक संस्थानों में पूर्ण रूप से सुसज्जित अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं को बढ़ावा देकर देश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा।**

अंतर्राष्ट्रीय मेगा सुविधाओं तक पहुंच के बुनियादी अनुसंधान, टिकाऊ ऊर्जा, जल आदि क्षेत्र में उपयोग योग्य अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से सहयोगात्मक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य को मजबूत करने और पूर्णकालिक समतुल्य अनुसंधानकर्ताओं की संख्या में सुधार की दिशा में देश के अनुसंधान एवं विकास के आधार का विस्तार करने के लिए महत्वपूर्ण मानव संसाधन पूल के निर्माण में भी योगदान देगा।

---

## आबादी के हिसाब से पॉलिसी बनाई जानी चाहिए : राहुल



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राहुल गांधी ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी है उसके हिसाब से पॉलिसी बनाई जानी चाहिए। यदि लोगों की आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनाई जाती हैं तो जरूरतमंदों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा और पॉलिसी बनाने का कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनाई जा रही हैं। केंद्र सरकार की नीतियां सिर्फ चुनिंदा पूजीपतियों और तीस फीसदी लोगों के लिए है। अधिकांश आबादी को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। संविधान यह कहता है कि सभी नागरिक एक समान हैं और सभी को बराबर अधिकार मिलना चाहिए।राहुल ने कहा कि देश की आधी आबादी ओबीसी है। 15 प्रतिशत दलित, आठ प्रतिशत आदिवासी हैं। यह मिलाकर 73 प्रतिशत होता है। अभी इसमें अल्पसंख्यक नहीं शामिल हैं। देश की जो आबादी है जो सच्चाई है उसके हिसाब से हम पॉलिसी नहीं बनाएंगे तो फिर क्या मतलब है। राहुल गांधी शनिवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के स्टेनली रोड महाराणा प्रताप चौराहा स्थित कन्वेंशन सेंटर में संविधान सम्मान सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सिर्फ एक जाति जनगणना के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, जाति जनगणना जनसंख्या के बारे में जानकारी प्रदान करेगी कदम क्योंकि भागीदारी सुनिश्चित करने से पहले जनसंख्या को समझना आवश्यक है, हालांकि, जनसंख्या को जानना अंतिम कदम नहीं है। मेरा दृष्टिकोण यह समझना है कि भारत में धन कैसे वितरित किया जाता है।

## वामपंथी उग्रवाद पर अंतिम प्रहार का वक्त आ गया है : अमित शाह

एजेंसी

**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर-राज्यीय समन्वय बैठक में भाग लिया। बैठक के बारे में अधिकारियों ने बताया कि इसमें 7 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। नवा रायपुर के एक होटल में हो रही इस बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अंतरराज्यीय समन्वय और वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के बाद शाह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए।बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाह ने कहा,नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन हो, ऐसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति हो और ऐसी परियोजनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके, इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई थी।



**बैठक के बाद शाह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए**

अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। कहीं 3 राज्यों का तो कहीं 2 राज्यों का संयुक्त टास्क फोर्स बनाया गया है, जहां जैसा जंक्शन है वह बनाया गया है, सूचनाओं के आदान-प्रदान का खाका मजबूत किया गया है और संयुक्त टास्क फोर्स के हमें बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।शाह ने कहा,आज की बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कुछ फैसले भी लिए हैं, जो लोग वामपंथी उग्रवाद के लंबे समय के प्रभाव के कारण निरक्षर रहे हैं चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, उन्हें साक्षर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार का गृह मंत्रालय एक अभियान चलाएगा। तेंदूपत्ता की खरीदी में हम अमूलचूल परिवर्तन भी करेंगे।

---

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल समेत सात का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत कुल सात लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को कराया गया।महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका संदिग्ध है।सीबीआई द्वारा बीते हफ्ते भर से ज्यादा समय से लगातार संदीप घोष से पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ के दौरान संदीप घोष के बयानों में विरोधाभास है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी सुनवाई के दौरान संदीप घोष की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। यही वजह है कि संदीप घोष सीबीआई की जांच के रडार पर हैं। सीबीआई ने अदालत में अर्जी देकर संदीप घोष, आरोपी संजय रॉय और चार अन्य डॉक्टर्स और एक सिविल वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मंजूरी मांगी थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया था। अदालत की मंजूरी के बाद शनिवार को सभी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया है। गौरतलब है कि संदीप घोष के अलावा जिन चार अन्य डॉक्टर्स का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा रहा है, उन्होंने ही मृतका के साथ घटना वाली रात डिनर किया था। आरोपी संजय रॉय का जेल में ही पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा रहा है। बाकी अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट सीबीआई कार्यालय में कराया जा रहा है। पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए विशेषज्ञों की एक टीम नई दिल्ली स्थित सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री से कोलकाता पहुंची है।




## पीडीपी ने घोषणापत्र में किया फ्री बिजली और 12 सिलेंडर का वादा

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए अगले महीने तीन चरणों में वोटिंग है। चुनाव की तैयारियां सभी राजनीतिक दल कर रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी ने महबूबा मुफ्ती की मौजूदगी में अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया। महबूबा मुफ्ती ने वादा किया है कि गरीब लोगों को 12 महीने में 12 सिलेंडर दिए जाएंगे।इस बार के विधानसभा चुनाव को लेकर महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कई वादे किए हैं।पीडीपी के चुनावी घोषणापत्र में हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त का वादा किया है। साथ ही बकाया बिजली बिलों का एकमुश्त निपटान, हर घर को मुफ्त पानी, बीपीएल (पीएचएच), पीएचएच और एनपीएच की श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले परिवारों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम राशन मिलेगा। ईडब्ल्यूएस क्षेणी के लोगों को 12 महीने में 12 सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे। संपत्ति खरीदने वाली महिला के लिए कोई स्टाम्प ड्यूटी नहीं लगेगा।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पिटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करना मेरा कर्तव्य है : मंत्री मिथिलेश

## मंत्री ने किया जन संवाद, ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रू-ब-रू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर में शनिवार को मेराल प्रखंड में पढ़ुआ एवं लोवादाग पंचायत के लगभग एक दर्जन गांवों में जन संवाद का आयोजन किया। विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद में मंत्री प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे एवं ग्रामीणों की समस्या से रू-ब-रू हुए। मौके पर कई समस्याओं का निदान किया गया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान पढ़ुआ पंचायत के ग्राम पढ़ुआ में बाजार के समीप, ग्राम सिकनी में आंगनबाड़ी के समीप, ग्राम पतहरिया में सुदामा



गुप्ता के घर के समीप, ग्राम रजबंधा में पहाड़ के समीप मुखलाल प्रजापति के घर के पास, पंचायत लोवादाग के ग्राम भंडार में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम अधौरा में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बंका में आंगनबाड़ी के समीप ग्राम अधौरी में दुर्गा मंडप एवं मदरसा के समीप तथा ग्राम लोआदाग में स्कूल के समीप जन संवाद का आयोजन किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बिजली, सड़क, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास राज्य के पैसे से दे रही है। सरकार ने सभी किसानों का दो लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ कर दिया है। साथ ही सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी सभी बहन, बेटियों को अब प्रति माह एक हजार रुपए निश्चित रूप से मिलेगा। जबकि 50 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को एवं अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो गया है। मंत्री ने कहा कि मैं कहने में नहीं, करने में विश्वास करता हूं। क्षेत्र की सभी समस्या दूर करना मेरा कर्तव्य है। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप सब अच्छी तरह से सोच समझकर अपने क्षेत्र में विकास करने वाले एवं जनहित में कार्य करने वाले को ही वोट दें। ताकि आने वाले समय में आप सबों के लिए और भी बेहतर कार्य हो सके। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, संजय सोनी, मंजय वियार, मुखिया आशीष महतो, बीडीसी दिनेश गुप्ता, प्रताप सिंह, एस कुमार प्रजापति, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र वियार, हेमंत सिंह, हरिहर बैठा, उमेश यादव, पिंटू सिंह, दिलजान शेख, बलेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला के सभागार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राधा कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित हुई। रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने खुलकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बच्चों के मोहक प्रदर्शन देख विद्यालय परिवार मंत्रमुग्ध हो गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि विद्या भारती आधारित सरस्वती शिशु मंदिर का मूल कार्य है शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाए।भगवान श्री कृष्ण-राधा की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बाल गोपाल के नटखट प्रदर्शन बेहद मनमोहक हैं।हमें अपनी संस्कृतियों को बचा कर उसे संवारने का काम करना है। विद्या भारती का उद्देश्य है भैया-बहनों के कौशल में निखार लाना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक छोटा-सा छुपा हुआ



कौशल जांच की यह एक प्रक्रिया है।इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का विकास होता है तथा जो भैया-बहन भाग नहीं ले सके हैं उनके अंदर में इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेने के प्रति रुचि जगेगी। राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा प्रवेश से द्वितीय तक के विद्यालय के कुल 42 भैया-बहनों ने भाग लिया। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे लोगों को बरबस ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहे थे।बच्चों को सबसे सुंदर दिखने के लिए सुबह से ही परिवार के लोगों ने खूब मेहनत की ताकि उनका बच्चा प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ चुना जा सके। चयनित सर्वोत्कृष्ट भैया-बहनों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख छाया कुमारी, उषा कुमारी, ऋचा नंदनी, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

# आक्रोश रैली फ्लॉप होने से भाजपा हताश और निराश हो चुकी है : प्रभात दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** युवा कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे उर्फ बड्डू दुबे ने शनिवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के लेदुका, बंदला, केतात, शंखा, भंडार, टोना, पिपरा, जरका, सेवरा सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान वे ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया। बड्डू दुबे ने कहा कि विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विकास का ईमानदारी से प्रयास कांग्रेस ने ही किया था.आगे भी क्षेत्र का विकास कांग्रेस ही करेगी.कांग्रेस के पास विकास का एक विजन है। पीछले दस सालों से यहां विकास ठहर सा गया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के युवा आक्रोश रैली से युवा दूर रहे। जिससे उनका रैली फ्लॉप हो गया। रैली फ्लॉप हो जाने के कारण भाजपाई हताश और निराश हैं.श्री दुबे केतात गांव के फुनूलाल चौबे और त्रिपुरारी चौबे के घर भी गए। यहां बताते चलें कि फुनूलाल चौबे के पिता सेवानिवृत शिक्षक गजाधर चौबे की मौत गुरुवार की देर रात लंबी बीमारी के बाद हो गई थी। वहीं त्रिपुरारी चौबे के चाचा की मौत भी पिछले दिनों हुई थी। दोनो शोक संतपत परिवारों को उन्होंने ढांढस बंधाया.मौके पर ललित चौबे डबलू, बबलू शुक्ला, गौरी शंकर दुबे, धीरज तिवारी, मुन्ना दुबे, सदाम खान, राहुल कुमार, विकाश चौधरी, ओमनाथ पासवान, शंकर चौधरी, अजमल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# आक्रोश रैली में बर्बरता के खिलाफ भाजपा नगर मंडल ने फूंका हेमंत सरकार का पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** रांची में आक्रोश रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को हेमंत सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हेमंत सरकार के विरुद्ध नारे भी लगाए गए। स्थानीय काली मंदिर चिनिया मोड़ से चलकर भापजा कार्यकता रंका मोड़ पहुंचे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के द्वारा कहा गया कि यह सरकार पूरी तरह फ़ेल है और कल के आक्रोश रैली से सरकार घबरायी हुई थी। युवाओं का आक्रोश देखकर सरकार के हाथ पाव फ़ुल रहे थे। आने वाला विधानसभा चुनाव में जनता वोट का चोट देकर इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी।





भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा सरकार अंतिम शय्या पर लेटी हुई है और अपने उल्टी गिनती शुरू देख रही। झारखंड के युवा आक्रोशित हैं। सरकार के जुमलेबाजी से अब आम जनता इस सरकार के झूठे मुग़ालते में फँसने वाली नहीं है। आने वाले समय में इस सरकार का चुनाव में ज़मानत ज़ब्त होगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष दुबे, उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, रिंकू तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता कैलास, कश्यप चंदन कश्यप, विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, जयंत पांडेय, रितेश दुबे, रवींद्र जायसवाल, विनोद जायसवाल, धनंजय गोंड, देवेंद्र गुप्ता, राकेश शंकर गुप्ता, संतोष कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# युवाओं को रोजगार देने में सफल नही रही हेमंत सरकार : डॉ. एमएन खान



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की वर्तमान सरकार बाबू को रोजगार न देकर मइयां सम्मान योजना पर जोर दे रहा है। जो पूरी तरह से जनता को बेवकूफ बनाने वाली योजना है। झारखंड की हेमंत सरकार विधानसभा चुनाव के पूर्व युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन अभी तक हुए युवाओं को रोजगार देने में सफल नहीं रहा। उक्त बातें एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने कही। उन्होंने कहा कि मइयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की माताओं और बहनों को झारखंड सरकार के द्वारा बेवकूफ बनाने का कार्य किया जा रहा है। यदि झारखंड सरकार बहनों की विकास चाहती है तो पढ़ी-लिखी बहनों को रोजगार देने का कार्य करें। ताकि बहनों का जीवन बेहतर ढंग से गुजार सके। उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन जितना जोर लगा ले अगले विधानसभा चुनाव में उन्हें हार ही मिलने वाली है। अब झारखंड प्रदेश की माताएं और बहनें हेमंत सोरेन के झांसे में नहीं आने वाली हैं। वे लोग जागरुक हो चुकी हैं।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से मिले अमृत शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से पार्टी के रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात की। दोनो नेताओं के बीच पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई.श्री शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष को बिश्रामपुर विधानसभा सहित पूरे पलामू में पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी.दोनो नेताओं के बीच आगामी विस चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई.कहने को तो दोनो नेताओं के इस मुलाकात को औपचारिक बताया जा रहा है। लेकिन इस मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है.मौके पर श्री शुक्ला के साथ में राजा राजेंद्र प्रताप देव,गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक़ अंसारी,मोबिन अंसारी, ओम करण तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता : विजय रविदास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरती जा रही है.पैसे लेकर साधन संपन्न और अयोग्य लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, वहीं जरूरतमंद और योग्य लाभुकों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। इस खेल में मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कोडिनेटर से लेकर बीडीओ तक शामिल हैं। इस संबंध में श्री रविदास ने उप विकास आयुक्त व अनुमंडलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.डीडीसी को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि उक्त योजना के ग्राम सभा में अपनाई गई चयन प्रक्रिया भी त्रुटिपूर्ण थी.ग्राम सभाओं में



मुखिया और पंचायत सचिवों ने मिलकर साधन संपन्न लोगों का भी चयन कर लिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि साधन संपन्न लोगों से तीस तीस हजार रूपए वसूल कर उन्हे अबुआ आवास दिया जा रहा है.कई वैसे लोगों को अबुआ आवास दिया गया है जिनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिल चुका है.इसके अलावा कई ऐसे लोगों को भी अबुआ आवास दिया गया जिनका पहले से बड़ा पक्का का मकान है.वहीं वास्तविक जरूरतमंदों को इस योजना के लाभ से वंचित किया गया है.उन्होंने डीडीसी से अबुआ आवास मे चयनित लाभुकों का गहनता से जांच कराकर ही प्रथम किश्त की राशि रिलीज की जाए। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर आगामी 28 अगस्त को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना - प्रदर्शन किया जायेगा। अगर इसके बाद भी योग्य और जरूरतमंद लाभुकों को अबुआ आवास आवंटित नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जायेगा।

## प्राथमिकता सूची में पुनः नाम जोड़ने की किया है मांग

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोलझिकी पंचायत के कोइन्दी ग्राम निवासी उमर अली तथा सहिमा खातून ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना की प्राथमिकता सूची में पुनः नाम जोड़ने की मांग किया है. आवेदन में कहा गया है कि उमर अली का नाम अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची में प्राथमिकता संख्या 7 पर तथा सहिमा खातून का नाम प्राथमिकता संख्या 8 पर दर्ज था,लेकिन जब प्रखंड स्तर पर तैयार की गई सूची में दोनों का नाम हटा दिया गया है।


**राँची समाहरणालय,राँची**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
**www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com**

**ग्राम सभा**

करकट्टा नदी एवं तंजु नाला के संगम स्थल से दसमाईल गुन्डू पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुनर्निर्माण कार्य परियोजना (पुनर्जीवित) अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन नामकुम प्रखण्ड के सभागार कक्ष में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| ग्रामसभा की तिथि/दिन | ग्रामसभा का आयोजन स्थल | संबंधित अंचल का नाम | मौजा | समय | ग्रामसभा में प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 28.08.2024 बुधवार | पंचायत भवन, हुडुवा | नामकुम | करकट्टा, सिरी, देवगाई | 11:00 पूर्वाह्न | श्री जलेश्वर उरॉव, कानूनगो / श्री तपेश्वर साहु, श्री उत्तम नायक, अमीन (दै०वे०भो०) जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची |
| 29.08.2024 वृहस्पतिवार | पंचायत भवन, डुंगरी | | गुन्डू, किस्की | | |
| 30.08.2024 शुक्रवार | नामकुम प्रखण्ड के सभागार कक्ष में | | तुपुदाना | | |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR 333592 Land Reforms(24-25).D


# प्रशासन ने कच्चे पक्के सभी मकान पर चलाए बुलडोजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रांची -वाराणसी इकोनामिक कारिडोर के तहत रमना में बन रहे फोरलेन बाईपास और सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहण किए गए भूमि के मुआवजा प्राप्त करने के बाद भी पक्का और कच्चा निर्माण हटाने को लेकर प्रशासन सख्त हो गई है।श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के आदेश के आलोक में शनिवार को रमना अंचल के करचा, टंडवा तथा परसवान में कच्चा और पक्का निर्माण पर बुडोजर चला। मौके पर सीओं बासुदेव राय, सीई राजकुमार सिंह, राजस्व उपनिरीक्षक सीताराम बड़ाईक, रामरक्षा सिंह, अमीन कुंदन कुमार ठाकुर, फैजुल्लाह अंसारी, एनएच निर्माण कंपनी के कर्मी तथा रमना थाना पुलिस के जवान उपस्थित थे। करचा, टंडवा, परसवान में जैसे ही अभियान आरंभ किया गया ।लोगो में खलबली मच



गई।कई लोग स्वंय अपना मकान तोड़ने लगे।अभियान के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंद किया गया था।हलांकि निर्माण हटाने के दौरान मुआवजा भूगतान कि विसंगतियों को लेकर प्रभावित रैयत मुखर रहे।प्रभावित रैयतो का कहना है था कि कही जमीन का मुआवजा नही मिला है तो कही घर का मिला लेकिन जमीन का नही मिला है।ऐसे में निर्माण कैसे हटाए।बासुदेव राय ने बताया कि वैसे रैयत जिनका भूमि अधिग्रहण के बाद भूमि और निर्माण का मुआवजा का भूगतान कर दिया गया है,इसके बावजूद निर्माण को नही हटा रहे थे।उन्हें बार बार निर्माण हटाने की सूचना दिया गया था।लेकिन निर्माण नही हटाने के कारण फोरलेन का निर्माण प्रभावित हो रहा था।बासुदेव राय ने बताया कि रविवार को भी अभियान चलाकर निर्माण हटाया जाएगा।

# सभी प्रधानाध्यापको को दिया गया यू डाइस का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापको को यू डाइस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड संसाधन केंद्र के कम्प्यूटर कोडीनेटर मुकेश कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से यू डायस प्लस में डाटा इंट्री करने की जानकारी विस्तार से दिया। मौके पर इंस्पायर आवार्ड के प्रखंड नोडल अविनाश कुमार के द्वारा पंजीकरण से सम्बंधित जानकारी दिया गया। अविनाश कुमार ने कहा कि सभी मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय के द्वारा 5 बच्चों का पंजीकरण कराने का विभागीय आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 15 सितंम्बर तक सभी विद्यालय के प्राधानाध्यापक पंजीकरण करा लें।उन्होंने कहा कि पंजीकरण कराने में कोई परेशानी होती है तो बीआरसी कौडिनेटर मुकेश कुमार से मिल कर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-21/2024-25 दिनांक – 23.08.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.09.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.09.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Drain (0.90 M x 1.20 M) with R.C.C. Cover from van Talab Bridge to Vikash Nagar Nali, Village- Amrit Nagar, Chetar, Ward No. 13 Block- Gumla Dist- Gumla. | गुमला | 2401700.00 | 48100.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of P.C.C. Road with Guard Wall Near van Talab Village- Amrit Nagar, Chetar, Ward No. 13 Block- Gumla Dist- Gumla. | गुमला | 2213700.00 | 44300.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | Construction of Drain (0.40M x 90M) with R.C.C. Cover and P.C.C. Road From Sanjay Oraon Home to Nilima Kumari Home, Block- Gumla Dist. Gumla | गुमला | 1255700.00 | 25200.00 | 2500.00 | 03 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) आचरण प्रमाण पत्र निविदा प्रकाशन के बाद का ही स्वीकार्य होगी।
(7) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

PR 333694 Minor Irrigation(24-25)#D

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्णिमा स्पोर्ट्स में महिलाओं की चुनौतियाँ एवं समाधान पर रखी अपनी बात

**रांची।** झारखंड की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एवं कोच पूर्णिमा महतो ने महिला पुलिस सम्मेलन के दूसरे दिन अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने सभी महिला पुलिस कर्मियों से कहा कि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों से नहीं घबरायें। खेलों के क्षेत्र में भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। चुनौतियों से लड़ेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे। तभी देश के लिए मेडल ला पाएंगे, जिससे देश का और झारखण्ड का नाम रौशन होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रेक्टिस करना शुरू कर देना चाहिए। झारखंड पुलिस से बहुत कम बच्चे खेल में जा रहे हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना है। पूर्णिमा ने बताया कि उनका बहुत कम उम्र में ही खेलों के प्रति रुझान था। इसलिए वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ती गईं। उन्हें द्रोणाचार्य अवार्ड, पद्म अवार्ड से भी नवाजा गया। उन्होंने स्पोर्ट्स कोटा से आई महिला पुलिस कर्मियों से कहा कि वे ड्यूटी के साथ स्पोर्ट्स में भी अपनी भूमिका बनाएं, ताकि स्पोर्ट्स के जरिए देश और झारखण्ड का नाम भी रौशन हो। पूर्णिमा महतो, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एवं कोच से यहाँ आए प्रतिभागियों ने सवाल भी पूछे तथा उनसे सुझाव लिये। प्रतिभागियों ने कहा कि खेल कोटा से आए पुलिस कर्मियों के लिए स्पोर्ट्स सेल का गठन हो ताकि खेल को बढ़ावा मिल सके।

### मटकी फोड़ कार्यक्रम 25 को बिड़ला मैदान में

**रांची :** कृष्ण जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व आगामी 25 अगस्त को रातू रोड बिड़ला मैदान में कान्हा मटका फोड़ प्रतियोगिता समिति के जरिये मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित की गई है। कान्हा मटकी फोड़ प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने शनिवार को बताया कि इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज कार्यक्रम स्थल पर मटका टांग दिया गया है। इस प्रतियोगिता मे फर्स्ट प्राइज 31 000, सेकंड प्राइज 21000 एवं थर्ड प्राइज 11000 रुपए ईनाम के रुप में रखा गया है।

**प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन-2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए सीएम**

# महिला पुलिस अधिकारी भी थाना इंचार्ज बनें, शीघ्र नियम बनाई जाएगी : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शौर्य सभागार जैप-1, डोरंडा में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से महिला पुलिस कर्मियों के बीच उत्साह, उमंग और उम्मीद जगी है। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा-परिचर्चा हुई है, इसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में महिला पुलिसिंग व्यवस्था पर दिखे यह हमसभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन के अवसर पर महिला पुलिस के हक-अधिकार, उचित मांगों, समस्याओं के निराकरण इत्यादि से संबंधित जो आवश्यक सुझाव राज्य सरकार तक पहुंची है, इन सुझावों पर यथोचित विचार किया जाएगा।

**महिला पुलिस पदाधिकारी थाना इंचार्ज बन सके इस निमित्त शीघ्र नियम बनाई जाएगी:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के भीतर स्थापित पुलिस थानों में महिला पुलिस पदाधिकारी भी थाना इंचार्ज बन सके इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र नियम बनाएगी। निश्चित रूप से थानों में वरीय पदाधिकारी के रूप में महिला पुलिस जिम्मेदारी संभाले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में राज्य स्तरीय पुरुष पुलिस सम्मेलन का आयोजन हो इसके लिए भी कैलेंडर बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के वरीय



अधिकारी पुलिसिंग व्यवस्था सिस्टम के जड़ तक पहुंचकर उसे मजबूत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी क्षमतावान हैं फिर भी कुछ वादों का अनुसंधान इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई इत्यादि को सौंप दिया जाता है आखिर ऐसा क्यों? इन विषयों को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

**सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में एक बार होनी चाहिए:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की महिला पुलिस बल के बेहतरी के लिए क्या करने की जरूरत है इस पर बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए। कुछ विषयों पर राज्य सरकार को नीति निर्धारण करने की आवश्यकता है तो कुछ चीजें पुलिस विभाग स्तर की हैं। महिला पुलिस के हित में पुलिस विभाग को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर विभाग में सकारात्मक बदलाव के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में एक बार होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की पुलिसिंग व्यवस्था को आप इस कदर आगे बढ़ाएं कि राज्य के पुलिस बल में जहां आज महिला पुलिस की संख्या 5 से 6 प्रतिशत है, वहीं आने वाले समय में यह संख्या 50 प्रतिशत तक पहुंचे, इस निमित्त जो भी सहयोग राज्य सरकार की ओर से आपको चाहिए वो हमारी सरकार करेगी।

**कार्यपालिका एवं समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पुरुष और महिलाएं सिर्फ पुलिस विभाग में ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में कंधे से कंधे मिलाकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी महिला और पुरुष के बीच कुछ फासले हैं जिसे पाटने की जरूरत है। कार्यपालिका और समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम रहती है। कई संवेदनशील मामलों पर राज्य में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अक्सर राज्य की पुलिस पर कई सवाल खड़ा होते हैं। कई सवाल गलत तो कई सवाल सही भी हो सकते हैं, यह मूल्यांकन का विषय है, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें एक ऐसी पुलिसिंग व्यवस्था खड़ी करनी है जिसमें राज्य की आम जनता का पुलिस पर भरोसा कायम रहे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी पुलिस आमजनों के बीच ऐसा कार्य करे जिसका परिणाम हमेशा न्याय संगत रहे।

**बेहतर कार्यशैली से ही रूढ़िवादी मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था सुधारना आपके हुनर और बेहतर कार्य शैली की बात है। कुछ चीजों को आसानी से सरलता पूर्वक सुधार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कई जगहों पर महिला समूहों की बड़ी संख्या है जैसे महिला कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, महिला से जुड़े शिक्षण संस्थानों के हॉस्टल्स इत्यादि। इन जगहों पर महिला पुलिस पदाधिकारियों का सीधा समन्वय होना चाहिए ताकि महिला से जुड़ी परेशानियों को जाना और समझा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का हमेशा प्रयास है कि हमारी पुलिस व्यवस्था पर कोई उंगली न उठा सके या नकारात्मक कमेंट की गुंजाइश कम रहे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि समाज के अंदर बेहतर कार्यशैली का परिचय देते हुए रूढ़िवादी मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने एक विशेष स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य के विकास आयुक्त अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिला पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## देवकीनंदन श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भगवान विष्णु के आठवें अवतार देवकी नंदन श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को जी.डी.गोयनका के प्रांगण में बहुत धूमधाम से मनाया गया। चारों ओर छोटे-छोटे कृष्ण और सुन्दर-सुन्दर राधा से गोयनका का परिसर सुशोभित हो रहा था। प्री.प्राइमरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटिका के माध्यम से कृष्ण के जन्म की रंगारंग प्रस्तुति की। छात्रों द्वारा प्रस्तुत दहीहंडी ने कृष्ण जन्मोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन श्री मदन सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने प्रेम के प्रतीक भगवान कृष्ण को अच्छाई और बुराई के बीच की सेतु बताते हुए कहा कि ना अच्छा समय रहता है और ना ही बुरा, तो हर व्यक्ति को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपना कर्म करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी डॉक्टर सुनील कुमार ने आज के सफल कार्यक्रम के लिए संपूर्ण गोयनका परिवार की सराहना की।

## अनिल कुमार जदली ने एनटीपीसी के निदेशक का कार्यभार संभाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनिल कुमार जदली ने 23 अगस्त 2024 को एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने एनटीपीसी में अपना करियर 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में शुरू किया था। एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी विनम्र शुरुआत से लेकर एनटीपीसी में मानव संसाधन कार्य के शीर्ष स्तर तक उनका उत्थान उनके जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। वे गढ़वाल विश्वविद्यालय से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में स्नातकोत्तर हैं और उन्होंने एमडीआई, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर



डिप्लोमा किया है। उन्होंने ईएससीपी-ईएपी (पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन) से प्रबंधन और नेतृत्व प्रशिक्षण इनपुट भी प्राप्त किए हैं। उनका तीन दशकों से भी अधिक का शानदार करियर रहा है, जिसमें लाइन और एचआर दोनों तरह के कार्य शामिल हैं। लगभग एक दशक तक लाइन फंक्शन में काम करने के बाद, उन्होंने 2004 में एचआर फंक्शन में काम करना शुरू कर दिया। 2004 के बाद से, उन्होंने एचआर प्रमुख सहित विभिन्न क्षमताओं में एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में एचआर के विभिन्न पहलुओं को देखा। वे वर्ष 2020 में कॉर्पोरेट एचआर में चले गए, जहाँ उन्होंने विभिन्न एचआर रणनीतियों और पहलों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) से पहले लोगों के दर्शन में दृढ़ विश्वास रखते हैं। अपने समृद्ध और विविध अनुभव के साथ, एनटीपीसी में मानव संसाधन आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

## टाइम्स अवार्ड से सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी रांची में खेल अकादमी के बेहतर संचालन के लिए पीएसयू श्रेणी में सीआरएस टाइम्स अवार्ड 2024 (गोल्ड अवार्ड) से सम्मानित किया गया। 23 अगस्त 2024 को गोवा में आयोजित एक समारोह के दौरान यह अवार्ड सांसद, राज्यसभा सदानंद शेट तानावड़े द्वारा प्रदान किया गया। छ्ब्स्स्क्र परियोजना से जुड़े सीसीएल टीम द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया। ज्ञात हो कि झारखण्ड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी झारखंड सरकार के सहयोग से चलाई जा रही सीसीएल की इस सीएसआर पहल के तहत राज्यव्यापी प्रतिभा खोज के माध्यम से चुने गए 291 लड़कों और लड़कियों को 11 अकादमियों में प्रतिभाशाली एवं अनुभवी कोच द्वारा राँची स्थित राष्ट्रीय खेल संरचना का उपयोग कर मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण एवं स्कूली शिक्षा प्रदान की जा रहा है। अधिकांश कैडेट अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अन्य वंचित समुदायों से संबंधित हैं। अकादमी झारखंडी बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं में बदल रही है और लाभार्थियों के जीवन को शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से नयी दिशा प्रदान कर रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**साथ ही उस पर 10 हजार रुपयेका जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी नगड़ी निवासी मार्टिन तिर्की को 20 साल कैद का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपयेका जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी। अदालत ने उसे 21 अगस्त को दोषी करार किया था। आरोपित पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता, उसकी मां, डॉक्टर, जांच अधिकारी सहित आठ गवाहों को अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किया गया था।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल का प्रोजेक्ट खिचड़ी वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल द्वारा अपने परमानेंट प्रोजेक्ट खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन रांची के सदर अस्पताल में किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा यह हमारा इस कार्यक्रम का पांचवा सफल सप्ताह है और हम इस तरह से पूरे साल भर सदर अस्पताल में हर शनिवार को खिचड़ी का वितरण करते रहेंगे। इस मौके पर क्लब के निवर्तमान संस्थापक अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल





ने कहा की खिचड़ी प्रोजेक्ट हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है और हम लोग मानव सेवा के लिए इस तरह के मानव सेवा के सारे कार्य क्लब के प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत करते रहेंगे। क्लब के सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं आज के इस कार्यक्रम को स्पॉन्सर करने के लिए क्लब के पीआरओ अल्तमश आलम एवं साथ ही खिचड़ी वितरण कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में सक्रिय सदस्यों को भी उनके सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के जिला चेयरपर्सन प्रमोद श्रीवास्तव, पीआर ओ अल्तमश आलम, आईटी अध्यक्ष देवनंदन उरांव, इवांशी मिश्रा, तनुश्री पात्रा, राजीव चौधरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मेंस एसोसिएशन की पहल पर दो पुलिसकर्मियों की पत्नी के ईलाज के लिए मिली मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ जिला बल के आरक्षी-76 राकेश कुमार एवं राँची जिला बल के आरक्षी-2157 अनुप कुमार सिंह दोनों की पत्नी का ब्रेन हेमरेज हो जाने के फलस्वरूप अपोलो अस्पताल कलकत्ता एवं माँ राम प्यारी अस्पताल, राँची में ईलाजरत है। झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह, महामंत्री रमेश उराँव के पहल पर नौसाद आलम (भापुसे), पुलिस उप महानिरीक्षक (बजट), झारखण्ड, राँची के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये झारखण्ड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से रामगढ़ जिला बल के आरक्षी 76 राकेश कुमार को 1,25,000.00 (एक लाख पचीस हजार) रूपया एवं राँची जिला बल के आरक्षी-2157 अनुप कुमार सिंह को 1,00,000.00 (एक लाख) रूपया सहायता राशि स्वीकृत किया गया। इस पुनित कार्य के लिए झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन की ओर से नौशाद आलम (भा0पु0 से0), पुलिस उप-महानिरीक्षक (बजट), झारखण्ड, राँची का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी मीर 25 को आयेंगे रांची

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एक दिवसीय दौरे पर 25 अगस्त को रांची बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस की ओर सेआयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद 12.30 बजे कांग्रेस भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक, दो बजे जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों की बैठक, 3.30 बजे अग्रणी संगठन और विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की बैठक में झारखंड प्रभारी शामिल रहेंगे। फिर उसी दिन शाम को रांची से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

## देश को हो रहे नुकसान के लिए कांग्रेस जिम्मेवार : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस देश की एकता और अखंडता को जो नुकसान हुआ है इसके लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेवार है। सत्ता के लिए कांग्रेस पार्टी किसी भी हद तक जा सकती है। आज जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सत्ता के लिए बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। कहा कि लोकतंत्र में कोई भी दल किसी भी दल के साथ गठबंधन कर सकता है, इससे किसी को विरोध नहीं है, किसी को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन नेशनल कांफ्रेंस ने चुनाव को लेकर अपने घोषणा पत्र के माध्यम से जो वादा किया है वह देश की अखंडता और एकता से जुड़ा मामला है। कहा इसलिए कांग्रेस पार्टी, राहुल गाँधी सहित उनके सहयोगी दलों से सवाल है कि क्या वे नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं ? मरांडी ने हजारीबाग के गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बातें कही। मरांडी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के साथ कांग्रेस का गठबंधन है और कांग्रेस झारखंड में भी सत्ता में है। यहां जेएमएम के साथ कांग्रेस की सरकार है, इसलिए कांग्रेस के साथ जेएमएम को भी जवाब देना चाहिए कि ये नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं या नहीं ? मरांडी ने कहा कि क्या कांग्रेस और राहुल गांधी 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का, धारा 370 और आर्टिकल 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का, कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का, पाकिस्तान के साथ एलोसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का, आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का, जम्मू-



कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करते हैं ? मरांडी ने कहा कि क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएँ ?

## अत्याधुनिक आईटी उपकरणों से लैस है कमांड कंट्रोल सेंटर : सुनील कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने कहा है कि स्मार्ट सिटी का कमांड कंट्रोल सेंटर अत्याधुनिक आईटी उपकरणों से लैस है। इसमें मैनुअल इन्टरवेंशन न के बराबर है। इसलिए इसका अधिक से अधिक उपयोग कैसे हो, इस ओर पदाधिकारी ध्यान दें। कुमार ने यह बात शनिवार को रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र के जुपमी भवन स्थित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कमांड सेंटर से रेगुलेट हो रही रांची शहर की यातायात प्रबंधन, पुलिस सर्विलांस, एसओएस, ईसीबी, वीएमएसबी, पीए सिस्टम सहित कई अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की जानकारी ली। इस मौके पर रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने सचिव को बताया कि पिछले तीन वर्षो से ये कमांड सेंटर रांची की यातायात प्रबंधन को रेगुलेट कर रहा है। इसके साथ शहर में अपराध नियंत्रण और अपराध के उद्भेदन में इसका पूरा सहयोग रांची पुलिस को मिल रहा है।



उन्होने ये भी बताया कि रांची के अलावा भी प्रदेश के अन्य शहरों में हुयी कुछ बड़ी आपराधिक घटनाओं जिनका तार रांची से भी जुड़ा रहे है, उसके उद्भेदन में भी इस सेंटर नें महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। प्रधान सचिव सह प्रबंध निदेशक ने कहा कि शहर का दायरा बढ़ रहा है। वैसे में जरूरी है कि जो क्षेत्र कैमरों या अन्य उपकरणों से अच्छादित नही हैं। वहां भी कैमरे और ट्रैफिक कंट्रोल से संबंधित उपकरण लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि अब ऑनलाईन चालान को सीधे नियम तोड़नेवाले संबंधित व्यक्ति को एआई के माध्यम से भेजा जाय। इसमें कोई मैनअल इंटर्वेशन नहीं होना चाहिए। सीईओ ने बताया कि अब चालान एआई के माध्यम से सीधे यातायात नियम तोड़ने वाले के मोबाईल पर जाता है। इस सेंटर का अपना रेवेन्यू मॉडल हो इसको लेकर आप बैरिएबल मैसेज साईन बोर्ड और ऑडियो सिस्टम पर विज्ञापन का प्रसारण कर सकते हैं। सीईओ ने बताया कि इसके लिए दर निर्धारण का कार्य प्रक्रियाधिन है लेकिन सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार प्रसार पिछले तीन साल से चल रहा है।

## सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में 10 राजनीतिक दलों का महागठबंधन बना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में दस राजनीतिक पार्टी का महागठबंधन का निमार्ण हुआ। जिसको झारखंड नवनिर्माण महासभा तीसरा विकल्प जनमत नाम दिया गया है। 22 अगस्त को रांची प्रेस क्लब में सभी पार्टी पदाधिकारियों की बैठक पुर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जनमत में झारखंड पीपुल्स पार्टी, अध्यक्ष- पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान), अध्यक्ष- पुर्व सांसद कृष्णा मार्डी, भागीदारी पार्टी, अध्यक्ष- श्याम बिहारी प्रजापति, झारखंड पार्टी (होरो), प्रभारी- अलेस्टर बोदरा, आर पी आई (अम्बेडकर) अध्यक्ष- प्रीतम लोहरा, लोक जन समाज पार्टी, अध्यक्ष- सतीश कुमार चतुर्वेदी, राष्ट्रिय जनक्रान्ति मोर्चा, अध्यक्ष- मोलाना मोबीन रिजवी, बहुजन मुक्ति पार्टी, अध्यक्ष- मुरलीधर राम, अखिल भारतीय मानव सेवा दल अध्यक्ष- शिव प्रसाद अग्रवाल, आदर्श संग्राम पार्टी, अध्यक्ष- गौतम भारती आदि सामिल हैं। जनमत की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये, बैठक में पंचशील नामक घोषणापत्र पर चर्चा हुई, जिसमें सूशासन, सत्ता की विकेंद्रिकरण = पांच वर्ष में पांच मुख्यमंत्री, गांवों की सशक्तिकरण हेतु पांच करोड़ हस्तांतरण, जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की विकास, अबूआ दिसुम आबुआ राज (स्वराज) आदि। सभी घटक दलों ने सर्व सहमति से निर्णय लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जनमत मजबूती से चुनाव लड़ेगी। बहुत जल्द बैठक कर सीट शेयरिंग कर लिया जाएगा।

## सीएचसी कर्रा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन कर्रा मुखिया रश्मि लकरा के द्वारा फीता कटकर किया गया. शिविर में कुल 120 लोगो का स्वास्थ्य जांच एवं दवा दिया गया. साथ ही दर्जनों लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया. शिविर में हाइपरटेंशन डायबिटीज कि भी जांच की गयी. मौके पर डॉ. विजय प्रसाद, डॉ. सिदार्थ कुमार, डॉ अमरनाथ चौधरी, स्वस्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, बीपीएम जेनी मिंज, बीडीएम शेख इदरीस, फार्माशिष्ट जय प्रकाश, बैजू कुमार, उदय बड़ाइक, नन्दलाल सिंह के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## सविमं प्राथमिक खंड धमधमिया में श्रीकृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा के प्राथमिक खंड धमधमिया में शनिवार को श्रीकृष्णा जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि अभिभावक ईश्वर कुमार, प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, प्रभारी आचार्य अजय कुमार पाठक एवं अन्यअतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में भक्ति गीत एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया। श्रीकृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता में प्रथम अर्णव कुमार, द्वितीय अमन कुमार एवं तृतीय स्थान साहिल कुमार ने प्राप्त किया। वहीं राधा रूप सजा प्रतियोगिता में प्रथम इशानी नायक, द्वितीय इशानी कुमारी एवं तृतीय स्थान ज्योति कुमारी ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को बालवाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया। इस अवसर पर बालवाटिका के सभी नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण व राधारानी का रूप बनाकर विद्यालय पहुंचे तथा कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप को माला पहनाकर उनका मंच पर स्वागत और अभिनंदन किया।



तत्पश्चात श्रीकृष्ण के जन्म की कहानी को नाटक के द्वारा दर्शाया गया। साथ ही सभी बच्चों को माखन भी खिलाया गया। बच्चों के कृष्ण रूप ने झूले का भी आनंद लिया तथा कई आकर्षक नृत्य, मटका फोड़ व झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें राधा और कृष्ण के विभिन्न रूपों को दिखाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर जयंती ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म का मार्ग कभी भी नही छोड़ना चाहिए तथा अपने पारिवारिक और सामाजिक कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए। क्योंकि कोई भी धर्म हमें ग़लत राह पर चलना नहीं सिखाता है। सभी धर्म का सम्मान करें तथा सभी त्योहारों का आनंद उठाएं। भारत की यही विविधता हमें विश्व में विशिष्ट बनाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, अलका राही एवं नॉर्बरता टोप्पो का प्रमुख सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईईडीपी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। ये बच्चे राधा कृष्ण की पोशाक में पहनकर विद्यालय आए। उन्होंने अपनी शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बाँसुरी बनाना, मटका बनाना, क्ले मॉडलिंग करना एवं उनमें आकर्षक रंग भरना आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। राधा कृष्ण बनकर आए बच्चों ने संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया और बहुत आनंद लिया। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में ईईडीपी की सभी शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कर्रा के बिरदा गांव में आदिवासी पारंपारिक मेला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के डुमरगड़ी पंचायत अंतर्गत बिरदा ग्राम में शनिवार को कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन एवं ग्राम सभा बिरदा के साथ मिलकर आदिवासी पारंपारिक मेला का आयोजन किया गया. आदिवासी पारंपरिक मेला में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ स्मिता नगेशिया उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक भावना प्राकृतिक को समर्पित है.आदिवासी मेला में कई सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन? किया. जो आदिवासी समुदाय के भीतर एकता और गर्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है. आदिवासी पारंपरिक मेला में अंबुजा स्वास्थ्य हातू के तहत उनके भोजन की आदतें, स्थानीय औषधीय जड़ी-बूटियाँ, और उनकी समृद्ध धरोहर और संस्कृति को बढ़ावा देने और संरक्षित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया. आदिवासी मेला न केवल एक उत्सव है, बल्कि समुदाय की प्रतिभाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक मंच भी है, जो उनकी सांस्कृतिक मूल्यों की गहरी समझ को बढ़ावा देता है.आदिवासी पारंपारिक मेला के दौरान किसानों द्वारा उत्पाद फल सब्जी का प्रदर्शनी, फुटबॉल किट वितरण, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता, बिस्किट रेस जैसे कार्यक्रमो का आयोजन किया गया. वहीं मेला में तीन उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सादिक जहां के अलावे कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन के कर्मीयों का मुख्य योगदान रहा।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय मानविकी महोत्सव-2024



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स' (सतत् विकास) पर आधारित तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन मानविकी संकाय द्वारा किया गया। इस महोत्सव के प्रमुख आयोजनों में पहले दिन, 'जी20 शिखर सम्मेलन' और 'आर्टिस्टिक ऑरा' शामिल थे। जी20-शिखर सम्मेलन में, छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व किया और सतत् विकास पर उनके दृष्टिकोण और उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान प्रश्नोत्तर सेशन का भी आयोजन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं तक के प्रतिभागियों ने टी-शर्ट और चेहरे की पेंटिंग के माध्यम से सतत् विकास के महत्व को उजागर किया। इन दोनों आयोजनों का मूल्यांकन एक पैनल द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख शिक्षाविद श्रीमती सुचित्रा मुखर्जी तथा सरला बिरला विश्वविद्याल, अंग्रेजी विभाग के डॉ. संजीव श्रीवास्तव और डॉ. स्वातिलेखा महतो शामिल थे। सभी ने आयोजकों और प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना की।

दूसरे दिन, का कार्यक्रम भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभावशाली व्यक्तियों पर आधारित था। इसमें प्रतिभागियों ने प्रियंका चोपड़ा, भुवन बाम, टेलर स्विफ्ट, कुश कपिला, और केट मिडलटन जैसे प्रसिद्ध लोगों की भूमिका निभाई। इन 'प्रभावशाली व्यक्तियों' ने भाषण दिए और पूछे गए सवालों के जवाब दिए, जिनमें से कई ने बहुत आत्मविश्वास से उत्तर दिए। यह एक ऐसा विषय था जिसे युवाओं ने बहुत पसंद किया।

# झारखंड आंदोलन करियों का जत्था हुंकार भरते मोहराबादी मैदान पहुंचे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जुगेश उरांव, बंदे उरांव व धनंजय कुमार रॉय के नेतृत्व में बेड़ो और लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवो के सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष आंदोलनकारी रांची के मोराबादी मैदान स्थित बापू बाटिका में विभिन्न मांगों को लेकर धरना को सफल बनाने के लिए नारा लगाते निकल गये। बताते चले कि इस धरना में झारखंड आंदोलनकारी जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, नियोजन पेंशन सम्मान रूप से लागू करने, प्रत्येक आंदोलनकारी एवं इनके आश्रितों को नौकरियों में आरक्षण देने तथा छत्तीसगढ़ , तेलंगाना राज्य के तर्ज पर आंदोलनकारियों को पचास पचास हजार रुपए देने सहित कई मांगों को लेकर उक्त धरना में हुंकार भरने के लिए रवाना हुए। धरना में प्रस्थान करने वालों में सहिंद्र लकड़ा, घिनु उरांव, किशोर तिर्की, पीटर तिर्की, कोरेश मिरदाहा, चारे उरांव, कुँवर उरांव, बिशु उरांव, मुंजरी उरांव, सुनील उरांव, विशाल उरांव, सुधीर मिंज, सुलेमान उरांव, शिव शंकर कुमार, दुखदेव उरांव, जतरु उरांव समेत सैकड़ो आंदोलन कारी शामिल थे।

## 25 दिवसीय पेपर मेसी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ उद्घाटन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम बोर्ड के द्वारा 25 दिवसीय पेपर मेसी प्रशिक्षण कार्यशाला का आज उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण में आवेदकों को पेपर से बनने वाले मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिया गया। अल्मा मेटर एजेंसी के द्वारा एक विशेष पेपर मेसी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य कला प्रेमियों को पेपर मेसी कला की तकनीकों और विधियों के बारे में प्रशिक्षण देना है। जिले के दो स्थानों में कार्यशाला का अयोजन किया जा रहा है। पहला प्रशिक्षण दिनांक~ 24/08/2024 से 17/09/24 तक, स्थान~ दूसरा तल्ला गोपद कंपलेक्स ऊपर चौक खूंटी झारखंड एवं दूसरा प्रशिक्षण दिनांक~ 24/08/2024 से 17/09/24 तक, समय~ 11:00 am से 4:00 am, स्थान~ गाँव मानहु, बिरहु खूंटी झारखण्ड में चलाया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला उद्यमी समन्वयक अतेन विश्वासी तोपनो, प्रखंड समन्यवक संतोष कुमार सोनी, किरण लता भेंगरा, भूपेंद्र कंसारी, श्याम कुमार एवम मांहू गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# जेबीकेएसएस की बैठक में बचरा दक्षिणी पंचायत कमेटी का हुआ विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे जेबीकेएसएस जेएलकेएम की पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर बैठक हुई।बैठक मे प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष महतो की उपस्थिति मे बचरा दक्षिणी पंचायत कमिटी का गठन किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता मुन्शी महतो एंव संचालन प्रदीप कुमार दास ने किया।बैठक में सर्वसम्मति से बचरा दक्षिणी पंचायत कमेटी का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष कृष्णा कुमार यादव, सचिव विजय महतो, कोषाध्यक्ष रौशन कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी विक्की कुमार,प्रवक्ता प्रदीप कुमार दास,उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव,उपसचिव हिमांशु कुमार को बनाया गया।वही विकाश चौहान,कुमार शुभम, मुकेश कुमार,रोहित भरद्वाज, सुजल कुमार,आनंद कुमार, जितेंद्र कुमार,राजेश कुमार महतो,अजय कुमार महतो सहित अन्य युवकों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।बैठक में चयनित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश्य एवं सिद्धांत के बारे में बताया गया एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया गया।मौके पर संतोष कुमार महतो,केन्द्रीय संगठन सचिव विकाश महतो,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता साहू,जिला सह सचिव हीरामन महतो,प्रखंड संगठन मंत्री अनिल कुमार मुंडा, सक्रिय सदस्य राजेश कुमार साव,लीलाधर प्रजापति, अजित यादव,मोहन महतो, जोगेश्वर महतो,अजय मुंडा, मुन्शी महतो,दिनेश महतो, कमलनाथ महतो,राजेश्वर महतो,संदीप महतो,विकास महतो,संतोष कुमार महतो, दिनेश कुमार,प्रदीप महतो, प्रदीप राम,अजय कुमार महतो,महेन्द्र कुमार, कोलेशवर महतो,जितेंद्र महतो,उदित कुमार महतो, सुदेश कुमार महतो,विनय कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार एंव टंडवा मंडल कमेटी के संयुक्त तत्वाधान मे टडंवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय के नेतृत्व में हेमंत सरकार के खिलाफ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीते दिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रशासन के द्वारा युवा आक्रोश रैली को रोका गया एवं परेशान किया गया,जिस प्रकार निहत्थे कार्यकर्ताओं पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया वह निंदनीय घटना है।इस नापाक इरादे वाले सरकार के खिलाफ में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पुतला दहन कार्यक्रम को सफल बनाया गया।इस मौके पर टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडे,पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा,रविन्द्र सिंह,संजय ठाकुर,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील चौरसिया,मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता,प्रताप चौरसिया,प्रमोद सिंह,शशि चौरसिया,रामचंद्र प्रसाद,उपेंद्र चौबे,प्रदीप नायक,अजय सिंह,राजेंद्र सिंह,अजय गुप्ता,रमेश राणा,सुरेंद्र चौरसिया,मिथलेश पांडेय, राजमणि सिंह,अरुण पांडेय, रंजीत गुप्ता,नारायण महतो, कुलदीप दास समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीएवी खलारी में मनाया गया प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा घोषित 23 अगस्त को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की। इस कार्यक्रम में डीएवी खलारी के विद्यार्थी रहे, दीपक कुमार, जो वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र - इसरो बतौर वैज्ञानिक काम कर रहे हैं, ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय के साथ जुड़े और इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दीपक कुमार मिशन चंद्रयान - 3 के उन वैज्ञानिकों में शामिल रहे हैं जिन्होंने यह अभियान पिछले वर्ष आज ही के दिन सफलतापूर्वक पूरा किया था। दीपक कुमार ने विद्यालय के बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने इसरो के भावी मिशन की जानकारी देकर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के विद्यार्थी हर्ष सिंह कहलोन ने अंतरिक्ष दिवस एवं मिशन चंद्रयान तीन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वही विज्ञान शिक्षक डी एन महतो ने बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया। कक्षा 11वीं विज्ञान की छात्रा उत्पन्ना सिन्हा ने मून मिशन 2025 का मॉडल प्रस्तुत किया जिसकी दीपक कुमार ने भी हृदय से सराहना की .इस अवसर पर कक्षा आठवीं व ग्यारहवीं विज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चोरी की मोटरसाईकिल सहित तीन चोर गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठाकुरगांव :** वाहन सहित तीन चोर को ठाकुर गांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, दिनांक - 23.08.24 को वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय रांची से प्राप्त सूचना अनुसार मेढ़ी जंगल में चोरी की मोटरसाईकिल खरीद बिक्री किया जाना है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना के एक टीम गठन कर मेढ़ी जंगल में भेजी गई जिसमें तीन मोटरसाईकल बरामद किया गया तथा तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अलग अलग मोटरसाईकिल की चाभी को भी जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अमीन अंसारी, उम्र 34 वर्ष, पिता-स्व0 इस्लामअंसारी, सा0जाडी, थाना-ठाकुरगांव, जिला-रांची,प्रताप सिंह, उम्र 31 वर्ष, पिता स्व0 गंगा सिंह, सा0 बाडे, थाना बुढ़मू, जिला राची,फिरोज अंसारी, उम्र 20 वर्ष, पिता अफरोज अंसारी, सा0 सिंजो थाना कुड्डु, जिला लोहरदगा, सभी चोरों को जांच के बाद आज रांची हिरासत में भेज दिया गया। जप्त समानों का विवरण सफेद रंग का आपाची रजि0न0JH040-2567,काला रंग का स्पैलैडर रजि0 न0 JH01FR 0133, ब्लू रंग का प्लसर रजि0 न0 JH01CU 7366,10 मोटरसाईकिल का अलग अलग चाभी एवं सभी चोरो का पूर्व में भी आपराधिक ईतिहास रहा है।

**छापामारी दल के सदस्या :** ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार रॉय,एसआई दिलीप कुमार सोमेवर भगत,हेमन्त कु0 यादव, बिनेश्वर भोगता,अशोक कुमार छापामारी दल में शामिल थे।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत बचरा अस्पताल में आज लगेगा शिविर

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल मे रविवार 25 अगस्त को पल्स पोलियो का शिविर लगाया जा जाएगा।जिसमें शून्य से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।इसकी जानकारी देते हुए बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 26 एवं 27 अगस्त को पंचायत की सहिया के द्वारा सभी गांव एंव कालोनी में घुम घूमकर कर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो खुराक पिलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पंचायत के शत प्रतिशत बच्चे ये पोलियो की दवा ले।उन्होंने पंचायत के सभी लोगो से अपने-अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानीराय में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने मां सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।इसमें कक्षा अरुण से लेकर पंचम तक के 28 बच्चों ने बढ चढकर भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभुषा में अपनी प्रतिभा दिखाई।इस प्रतियोगिता में राधा कृष्ण की जोड़ी के रूप में प्रथम स्थान शुभम कुमार कक्षा उदय, अवन्य कुमारी कक्षा उदय, द्वितीय स्थान दिव्यांश साहू एवं मानवी श्रेया कक्षा अरुण, तृतीय स्थान हरीश कुमार कक्षा उदय एवं,नव्या कुमारी कक्षा प्रथम ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने ईश्वर के विभिन्न अवतार पर किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा की मनुष्य को अपने जीवन जीने की शैली ईश्वर के व्यक्तित्व से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने सभी बच्चों से इस तरह के आयोजन में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।प्रतियोगिता का समापन वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राए मौजुद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

## कांग्रेस नेताओं के खतरनाक इरादे

**राजनीतिक** हताशा नेताओं और उनके समर्थक बुद्धिजीवियों को कहाँ ले जाकर खड़ा कर देती है, इसको समझना है तो बांग्लादेश का संदर्भ लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की जा रही टिप्पणियों को पढ़ लीजिए। प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस के नेता एवं उनके समर्थक कब हद पार करके भारत विरोधी पाले में खड़े हो जाते हैं, इसके अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। कांग्रेस के नेताओं का यह कहना स्पष्ट तौर पर भारत का विरोध है कि "छह महीने पहले श्रीलंका की जनता प्रधानमंत्री के घर में घुसी। फिर बांग्लादेश में यही हुआ। अब भारत का नंबर है। दो दिन से टीवी पर देख रहे हो बांग्लादेश की जनता शेख हसीना की गलत नीतियों की वजह से प्रधानमंत्री आवास में घुस गई। राष्ट्रपति भवन में घुस गई। याद रखना नरेंद्र मोदी जो जनता सड़क पर हिलोरें ले रही हैं, एक दिन तुम्हारी गलत नीतियों के कारण तुम्हारे प्रधानमंत्री आवास में घुस जाएगी और कब्जा कर लेगी"। कांग्रेस के नेता यह भी कह रहे हैं कि प्रत्येक तानाशाही का यही अंजाम होता है। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करने के फेर में कांग्रेसी भूल गए कि नेहरू परिवार से आनेवाले नेता कल तक शेख हसीना को अपना पारिवारिक सदस्य बताते थे। कांग्रेसी नेताओं को बताना चाहिए कि नेहरू परिवार तानाशाहों को अपना पारिवारिक सदस्य बनाती है क्या? बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना एक निर्वाचित राजनेता हैं, उन्हें तानाशाह कहना अज्ञानता से कुछ कम नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना की वह नेता हैं, जिनका झुकाव सदैव भारत की ओर रहा है। शेख हसीना को विलेन की तरह प्रस्तुत करना भी भारतीय विचार के अनुकूल राजनीति नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का कहना है बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में भी हो सकती है। इसी तरह, मध्यप्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन वर्मा ने जो बयान दिया है, वह साफ तौर पर लोगों को उपद्रव करने के लिए उकसाने वाला है। वे यह क्यों चाहते हैं कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब श्रीलंका और बांग्लादेश की भाँति भारत में भी लोग प्रधानमंत्री के आवास में घुसकर लूट-पाट करेंगे। ऐसा कोई राष्ट्र हितैषी व्यक्ति तो सोच नहीं सकता। भारत की तुलना श्रीलंका और बांग्लादेश से करना अपनी राजनीतिक हताशा को तुष्ट करने के लिए भी ठीक नहीं कहा जा सकता। भारत और उसकी सरकार मजबूत इरादों की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार जनता का विश्वास जीतकर प्रधानमंत्री आवास में हैं। यानी देश की जनता उनके साथ खड़ी है। यदि को यह सपना देख रहा हो कि 'शाहीनबाग' की सहायता से भारत में अराजकता उत्पन्न की जा सकती है, तब वह बहुत बड़े भ्रम में है। भारत इस प्रकार के उपद्रव से निपटने के लिए सक्षम है। भारत की पुलिस और सेना ही नहीं अपितु जनता भी लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करनेवाले उपद्रवियों को सबक सिखाने में पीछे नहीं रहेगी। कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा के बयान पर भाजपा के नेता एवं मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा है कि यह साफ तौर पर देशद्रोही टिप्पणी की श्रेणी में आती है। कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा और सलमान खुर्शीद का बयान का बयान देशद्रोह की टिप्पणी में आता है या नहीं, अब इसका निर्णय तो जानकार लोगों को ही करना चाहिए। लेकिन इतना तो तय है कि कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां बहुत ही हल्की, ओछी और अपरिपक्व हैं। उनकी टिप्पणियां भारत के प्रतिकूल और भारत विरोधियों के अनुकूल है।

> प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस के नेता एवं उनके समर्थक कब हद पार करके भारत विरोधी पाले में खड़े हो जाते हैं, इसके अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। कांग्रेस के नेताओं का यह कहना स्पष्ट तौर पर भारत का विरोध है कि "छह महीने पहले श्रीलंका की जनता प्रधानमंत्री के घर में घुसी। फिर बांग्लादेश में यही हुआ। अब भारत का नंबर है। दो दिन से टीवी पर देख रहे हो बांग्लादेश की जनता शेख हसीना की गलत नीतियों की वजह से प्रधानमंत्री आवास में घुस गई। राष्ट्रपति भवन में घुस गई। याद रखना नरेंद्र मोदी जो जनता सड़क पर हिलोरें ले रही हैं, एक दिन तुम्हारी गलत नीतियों के कारण तुम्हारे प्रधानमंत्री आवास में घुस जाएगी और कब्जा कर लेगी"। कांग्रेस के नेता यह भी कह रहे हैं कि प्रत्येक तानाशाही का यही अंजाम होता है। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करने के फेर में कांग्रेसी भूल गए कि नेहरू परिवार से आनेवाले नेता कल तक शेख हसीना को अपना पारिवारिक सदस्य बताते थे। कांग्रेसी नेताओं को बताना चाहिए कि नेहरू परिवार तानाशाहों को अपना पारिवारिक सदस्य बनाती है क्या? बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना एक निर्वाचित राजनेता हैं, उन्हें तानाशाह कहना अज्ञानता से कुछ कम नहीं है।

### लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है

## भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति के संस्कारों को जीवित रखना ही होगा

प्रह्लाद सबनानी

> भारत के नागरिकों में आज "स्व" के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे "भारत के हित सर्वोपरि हैं" की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है।

**किसी** भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।

भारत के नागरिकों में आज "स्व" के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे "भारत के हित सर्वोपरि हैं" की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी।

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को



जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूट खसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मार काट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं। कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचीन भारत में वनवासी थे, ग्रामवासी थे, नगरवासी थे, इस प्रकार त्रिस्तरीय समाज था। भारतीय समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ था ही नहीं। यह अंग्रेजों का षड्यंत्र था कि भारत में उन्होंने समाज को बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी। अन्यथा हिंदू समाज तो भारत में सदैव से एकात्म भाव से रहता आया है। किसी भी देश में क्रांति सत्ता से नहीं आती है बल्कि समाज द्वारा ही क्रांति की जाती है। जिस प्रकार का समाज होगा उसी प्रकार की सत्ता भी देश में स्थापित होगी। अतः किसी भी देश को विकास की राह पर जाने से रोकने के लिए उस देश की संस्कृति को ही समाप्त कर दो। ऐसा प्रयास आज पुनः विदेशी ताकतों द्वारा भारत में किया जा रहा है।

परंतु, अब एक बार पुनः भारत एक ऐसे खंडकाल में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है जिसमें आगे आने वाले समय में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती हुई दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति को विपरीत रूप से प्रभावित करने के लिए कई प्रकार की बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु, देश में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिंदू समाज में व्याप्त लगभग समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देश प्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट कूट कर भरा है। इसी कारण से यह कहा भी जाता है कि केवल हिंदू जीवन दर्शन ही आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है।

दृष्टि कोण

## जनजातियों का गौरवपूर्ण अतीत और उनके साथ हो रहे वैश्विक षड्यंत्र

**भारत** और भारतीयता की पताका फहराने वाला जनजातीय समाज अपनी वैविध्यपूर्ण विरासत के साथ राष्ट्र के 'स्व' की छटा बिखेर रहा है। किन्तु जनजातीय समाज का निवास स्थान वनांचलों और ग्राम्य क्षेत्रों में होने के चलते उनके समक्ष कई तरह के संकट आ रहे हैं। उनमें सबसे घातक संकट ईसाई मिशनरियों के द्वारा कराया जाने वाला 'कन्वर्जन' है। मिशनरियों के कन्वर्जन का यह षड्यंत्र परतन्त्र भारत में अंग्रेजों के बर्बर शासन के समय से चला आ रहा है। ईसाई मिशनरियां वर्षों से प्रलोभन, सेवा और सहायता के हथियारों से कन्वर्जन कराने पर जुटी हुई हैं। इसके लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक के षड्यंत्रों का एक दीर्घकालीन एजेंडा सामने दिखता है। कन्वर्जन के उसी एजेंडे को बढ़ाने के लिए गद्दार कम्युनिस्ट आतंकियों से लेकर, माओवाद, अर्बन और बौद्धिक नक्सलियों की बड़ी लंबी फौज सक्रिय है। जो ऐनकेन प्रकारेण जनजातीय समाज को हिन्दू समाज अलग पहचान बताने और अलगाववाद की विषबेल रोपने में जुटे हुए हैं। इसके लिए मानवाधिकार से लेकर देश के संविधान और वैश्विक संधियों की आड़ लेकर अपने विभाजनकारी षड्यंत्रों को पूरा करने में टुकड़े-टुकड़े गैंग जुटी हुई है। ठीक ऐसा ही प्रयोजन 9 अगस्त को व्यापक रूप से रचा जाता है। जब जनजातीय समाज को कभी 'मूलनिवासी' तो कभी उनके भ्रामक, कपोल कल्पित अधिकार हनन की कहानियों से बरगलाने के कुकृत्य किए जाते हैं। इन सबके पीछे स्पष्ट और एक एजेंडा जनजातीय समाज की हिन्दू पहचान को नष्ट करना। उन्हें अलग बताकर पृथकता और अलगाववाद के बीच लाना। ताकि भविष्य में जनजातीय समाज का कन्वर्जन कराने में भारत विभाजनकारी शक्तियां सफल हो सकें।

इस षड्यंत्र में वैश्विक यूरोपीय शक्तियाँ पर्दे के पीछे से काम कर रही हैं। इसी कड़ी में 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इण्डिजिनियस डे' को एक हथियार के रूप में भारत विभाजनकारी शक्तियां प्रयोग करती हैं। इस सन्दर्भ में विश्व मजदूर संगठन (आईएलओ) के 'इण्डिजिनियस पीपुल' शब्द को 'मूलनिवासी' शब्द के रूप में प्रस्तुत कर जनजातीय समाज को पृथक बताने के कुकृत्य किए जाते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि विभिन्न राष्ट्रों के सम्बन्ध में 'इण्डिजिनियस पीपुल' का अर्थ और उसे परिभाषित करना अत्यन्त कठिन है। यहां भारत के लिए मूलनिवासी और 'इण्डिजिनियस पीपुल' को परिभाषित करना और ही कठिन है। क्योंकि भारतीय इतिहास, आधुनिक इतिहास की तथाकथित थ्योरी भिन्न है। भारत की अपनी विविधतापूर्ण – एकात्म विरासत है जो स्थान-स्थान में भिन्न-भिन्न है। भारत के आधुनिक इतिहास में वर्णित आक्रांताओं के अलावा भारत भूमि में निवास करने वाला और राष्ट्र की पूजा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति यहाँ का 'मूलनिवासी' है। क्योंकि भारतीय चेतना में जो भारत को माता कहकर मानता और पूजता है। प्रकृति का उपासक है वही भारत का मूलनिवासी है। अब ऐसे में मूलनिवासी या अन्य किसी भी शाब्दिक भ्रमजाल के द्वारा भारत को परिभाषित या पृथक्करण करना तो राष्ट्र की संस्कृति में ही नहीं है। किन्तु विश्व मजदूर संगठन के गठन के उपरांत इसी 'इण्डिजिनियस पीपुल' शब्द के भ्रमजाल में 13 सितम्बर 2007 को यूएन द्वारा विश्व भर के 'ट्राईबल' कम्युनिटी के अधिकारों के लिए घोषणा पत्र जारी किया गया। प्रतिवर्ष 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इंडिजिनियस डे' के रुप में मनाया जाने लगा जिसकी घोषणा दिसंबर 1994 में की गई थी। भारत ने भी राष्ट्र की संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सम्प्रभुता, अस्मिता और अखण्डता के आधार पर इस पर अपनी सहमति दी। इसके साथ भारत ने स्पष्ट किया था कि इसका पालन भारतीय संविधान के अनुरुप ही किया जावेगा। इसी सन्दर्भ में सन् 2006 में इण्टरनेशनल लॉ एसोशिएशन (टोरंटो जापान में आयोजित ट्राईबल अधिकारों के अधिवेशन में भारत के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वाई.के.सबरवाल ने जनजातीय एवं गैर जनजातीय समाज में समानता के विभिन्न बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए अपना आधिकारिक पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि — "भारत के आधिकारिक मत के अनुसार भारत में रहने वाले सभी लोग 'मूलनिवासी' अथवा देशज हैं। इन सभी में से कुछ समुदायों को 'अनूसूचित' किया गया है जिन्हें सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक व राजनैतिक समानता के नाते विशेष उपबन्ध दिए गए हैं।" इसके साथ ही जब विश्व कानून संगठन द्वारा स्पष्टता को लेकर मांग की गई। प्रश्न पूछा गया कि – क्या एसटी समाज अथवा जनजातीय समाज ही केवल भारत का 'ट्राइबल'/मूलनिवासी/देशज समाज है? इस पर न्यायमूर्ति सबरवाल ने साफ इंकार किया। और उन्होंने अपने विभिन्न प्रश्नात्मक तथ्य रखे। साथ ही विश्व कानून संगठन के समक्ष भारत के सम्बन्ध में पक्ष रखते हुए कहा कि – 'मूलनिवासी' या 'इण्डिजिनियस पीपुल' को परिभाषित या पृथक से विवेचन का भारत कोई इत्तेफाक नहीं रखता। तत्पश्चात भारत के जनजातीय समाज के हितों के संरक्षण लिए यूएन द्वारा जारी घोषणा पत्र में भारतीय संविधान के अनुसार ही सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति अजय मल्होत्रा ने 13 सितम्बर 2007 को मतदान किया था।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### पानी आपूर्ति को लेकर आजसू पार्टी उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग करेगा ठप

## सीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द पानी आपूर्ति करे अन्यथा होगा पुरजोर विरोध : रौशनलाल चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित शनिवार को आजसू पार्टी के केन्द्रीय सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने महाप्रबंधक अजय सिंह से मुलाकात कर पतरातु स्थित फटे पाइप को जल्द से जल्द मरम्मत करवाने कि मांग कि। बता दें कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनियों में पानी कि आपुर्ति कइ दिनों से बाधीत है। वहीं इस मामले पर केन्द्रीय महासचिव रौशनलाल चौधरी ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द पाइप मरम्मत कर जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नहीं हुई तो



हमारी संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगी। और जरूरत पड़ने पर सीसीएल कि उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग भी रोकी जाएगी। श्री चौधरी ने यह भी कहा कि यहां पानी आपूर्ति को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है। क्षेत्र कि जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। लेकिन सीसीएल प्रबंधन को समाजिक सरोकार से कोई मतलब नहीं है। वहीं इस मामले पर स्थानीय विधायक भी फोटोबाजी कर अपनी राजनीति चमकाने का कार्य कर रही है। वहीं आजसू पार्टी ने सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द कॉलोनियों में पानी कि आपुर्ति सुचारू रूप से नहीं हुई तो आजसू कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर सीसीएल कि उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग ठप कर देंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी। मौके पर केन्द्रीय सचिव सतीश सिन्हा, चंदन कुमार, अशोक पाठक, राजू कुमार, मुन्ना श्रीवास्तव, विक्रांत साहू, धीरज चौधरी, राजेश पटेल, संजय मिश्रा, राकेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## जबरन होल्डिंग टैक्स वसूलना बंद करें नगर परिषद : कुशवाहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के बैनर तले शनिवार को विभिन्न जन कल्याणकारी मांगों को लेकर व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने हेतु नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष देवानन्द महतो की अध्यक्षता तथा संचालन संजीव साहू तथा नेतृत्व कर्ता कुशवहा पंकज महतो ने किया। इस धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखण्ड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। इस इस धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष पंकज महतो का महत्वपूर्ण योगदान है। जिला उपाध्यक पंकज महतो ने कहा कि धरना प्रदर्शन के माध्यम से रामगढ़ नगर परिषद व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के समीप निर्मित दुकान बनकर तैयार है लेकिन अभी तक आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इस धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से पनेश्वर कुमार, सुधीर अकेला, लीलावती महतो, रूपा महतो, रोमा निगम, अनुपम देवी, गुड्डी देवी, भारती




कुशवाहा, देवानन्द महतो, संतोष महतो, पंकज महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, गिरी शंकर महतो, तनवीर आलम, मुश्लिम अंसारी, ओम प्रकाश महतो, प्रकाश प्रभाकर, लालू प्रसाद, मोहमद मुजाहिद, लक्ष्मन महतो, दिपेन्द्र महतो, कुणाल कुशवाहा, आनंद कुश वहा, भावनी महतो, कमल नाथ प्रसाद, रन विजय महतो, कौलेशवर महतो, बिनोद महतो, पिंटू महतो, संजय महतो, रोहित महतो, सुरेन्द्र महतो, अनिता देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, कांति देवी, मुनिया देवी, मंजरी देवी, मेयर चो देवी, काजल देवी, सुनीता देवी, रानी देवी के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

## श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया

**रामगढ :** श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया इस मौके पर कक्षा नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशी में कृष्ण तथा राधा बनकर सभी का मन मोह लिया इस मौके पर बच्चों ने नृत्य अथवा संगीत प्रस्तुत किया इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री आर एस गोस्वामी ने सभी विद्यार्थियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी और बताया कि विद्यालय के इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थी भारतीय संस्कृति से परिचित होते हैं इस पावन अवसर के उपलक्ष पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री एन के गुप्ता डिप्टी चेयरमैन श्री आर के गुप्ता एवं सचिव श्री रामेश्वर प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

## हेमंत सोरेन की हिटलर शाही सरकार नहीं सहेंगे : भाजपा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी के द्वारा प्रदेश के निर्देशानुसार हेमंत सोरेन का पुतला दहन का कार्यक्रम किला गया। बता दें कि रांची में दिनांक 23 अगस्त के÷युवा आक्रोश रैली÷ में सरकार के इशारे पर रांची पुलिस द्वारा हमारे निहत्थे एवं शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कर लाठी, गोली हथगोला चलाने के खिलाफ आज शाम 5ः00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समिप पहुंचकर हेमंत सोरेन की हिटलर शाही के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं नेताओं ने आवाज बुलंद करते हुए हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। पूरे झारखन्ड में प्रशासन के खिलाफ़, सरकार के खिलाफ़ पुतला दहन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता जी ने किया इस कार्यक्रम में मुखय रुप से जिला के पदाधिकारी वरिष्ठ नेता मंडल के नेता, जिला के कार्यकर्ता, मोर्चा अध्यक्ष, मुख्य रूप से प्रदेश का समिति सदस्य रणनजय कुमार ÷कुंटु बाबू÷ जिला महामंत्री राजु चतुर्वेदी, विजय जयसवाल, उपाध्यक्ष रंजन सिंह, मंत्री दिलीप सिंह, बलराम कुशवाहा, मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान, आईटी प्रवीण सोनू, धीरज साहू, महेंद्र प्रजापति, संजय सिंह, ब्रजेश पाठक, ॠषिकेश सिंह, रोबिन गुप्ता, शहदेव ठाकुर, ज्यकिशोर ठाकुर, रुदल कुमार, मनि शंकर ठाकुर, राकेश कुमार, राजेश ठाकुर, सुरेन्द्र रविदास, मोर्चा अध्यक्ष सनी कुशवाहा, वारीस खान, शंकर करमाली, कुश श्रीवास्तव मनोज गिरी, संजय सहा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ थाना परिसर के निकट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया यह पुतला दहन कार्यक्रम कल युवा आक्रोश रैली में युवाओं पर लाठीचार्ज एवं बवर्रता के विरोध में किया गया इस तरह से युवाओं पर लाठीचार्ज और बलपूर्वक निहत्थे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म किया गया यहा असहनीय है सरकार की जितनी निंदा की जाए कम है इसी के विरोध में संपूर्ण प्रदेश में थाना और एसपी कार्यालय के समक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया आज के इस पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति जिला महामंत्री विजय जायसवाल एवं राजू चतुर्वेदी जिला मंत्री किरण देवी पूर्व कार्य समिति सदस्य इलारानी पाठक प्रदेश आईटी सेल युवा मोर्चा सह प्रभारी शशि शेखर सिंह रामगढ़ जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह कैंट मंडल उपाध्यक्ष सुशांत पांडे महामंत्री ॠषिकेश सिंह मिथिलेश कुमार मंडल कुणाल दास युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट अध्यक्ष तरुण साहू महामंत्री अमित ठाकुर सुमित अग्रवाल राजेश ठाकुर सहदेव ठाकुर रॉबिन गुप्ता बृजेश पाठक मणिशंकर ठाकुर, एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने टोल प्लाजा अधिकारीयों से बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय रांची (झारखंड) में गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी सभी क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रामगढ़ विधानसभा अन्तर्गत ह्वा 33 के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए और जल्द पूरा करने का आवश्यक दिशा -निर्देश दिए, जिसमे मुख्य रूप से 1.चुटुपालु घाटी में रोड में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जलता है उसे सोलर सिस्टम से जलाने का निर्देश दिए 2.चुटुपालु घाटी रोड में लगाये गए अलाइनमेंट लाइट को सही किया जाय क्यूंकि हर दिन वहाँ जगह जगह पर कई तरह की सड़क दुर्घटना होती रहती है! 3.गोला से सोसो टोल प्लाजा के दोनों छोर पर साथ टोल स्थल की सड़क काफी खराब है जिसे अभिलम्ब मरम्मत किया जाय 4. गोला से जैनामोड़ के बीच दो टोल प्लाजा है जिसकी दूरी महज 60 द्मद्ब के अंदर है, अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर ध्यान देते हुए जल्द पूरा करने की बात कहें, उक्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से सांसद अधिकारीयों के समक्ष रखी गई।

# नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन पर बाबूलाल मरांडी ने उठाए सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजधानी रांची से अपने गृह क्षेत्र गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड स्थित ग्राम खोदाईबाग जाने के क्रम में हजारीबाग के नेशनल हाइवे स्थित भारत माता चौक के समीप अवस्थित होटल गीतांजलि पैराडाइज सभागार में शनिवार को एक प्रेस- वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी है। यह चुनाव न केवल जम्मू कश्मीर के लोगों बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह आज इस और लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में हिंदी गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड सन फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर एक बार अपने राष्ट्र विरोधी मंसूबे को उजागर कर दिया है। बीजेपी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी और उसके राष्ट्र विरोधी एजेंडा पर कई सवाल उठाए और कांग्रेस एवं उनकी



मानसिकता को बेनकाब किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो बार-बार देश की एकता और सुरक्षा को सत्ता की लालच में खतरे में डालती रही है उसी कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी सत्ता की भूख के लिए देश को दाव पर लगा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कांफ्रेंस के साथ जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर के लिए अलग झंडा के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस के उसे फैसले का समर्थन करते हैं जिसमें धारा 370 और 35 ए को बहाल कर जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के दौर में धकेलना की बात की जा रही है? क्या कांग्रेस एक बार फिर अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान से बातचीत का समर्थन करती है, बजाय इसके कि वो कश्मीर के युवाओं से संवाद करें? क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के उसे फैसले का समर्थन करते हैं जिसमें एलओसी ट्रेड के माध्यम से पाकिस्तान के साथ व्यापार की शुरुआत की जाएगी, जिससे आतंकवाद और उसकी व्यवस्था को पोषित किया जाएगा? क्या कांग्रेस, आतंकवादियों और पत्थरबाजों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में पुनः बहाल करने के पक्ष में है जिससे आतंकवाद, उग्रवाद और हड़तालों का दौर वापस आएगा? इस गठबंधन ने कांग्रेस की आरक्षण विरोधी सोच को उजागर कर दिया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जरों, बकरवालों और पहाड़ी समुदायों के लिए आरक्षण समाप्त करने के नेशनल कांफ्रेंस के वादे का समर्थन करती है, जिससे उन पर अन्याय हो ? इस मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद, भैया अभिमन्यु प्रसाद, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, दिनेश सिंह राठौड़, विजय कुमार, किशोरी राणा, श्री झा, कटकमसांडी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, मुखिया नारायण साव, दामोदर प्रसाद, महेश प्रसाद, समाजसेवी अविनाश गोप, रंजन चौधरी, माईकल, मिंकु गुप्ता, रवि यादव, टिंकू यादव, दीपू यादव, सुधीर पांडेय, प्रकाश कुमार सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** समाजसेवी सह भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदीप प्रसाद के पिछले वर्षों में किए गए समाजिक कार्यों की सराहना की। कई ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में उनकी ओर से उपलब्ध कराए गए रक्त, एंटी-रेबीज और अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के लिए धन्यवाद जताया। ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदीप प्रसाद को उम्मीदवार बनाने पर पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा, मैं पिछले 14-15 वर्षों से जनता की सेवा में जुटा हूं।2014 में मैंने स्वतंत्र रूप से सदर विधानसभा का चुनाव लड़ा, जिसमें मुझे जनता का भरपूर समर्थन मिला। मैं जनता की हर समस्या का समाधान करने और उनके सुख-दुःख में हमेशा साथ रहने का वादा करता हूं। दौरे के दौरान, प्रदीप प्रसाद का ग्रामीणों ने ढोलबाजे के साथ भव्य स्वागत किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि गंगा साव, कार्तिक शर्मा, महेश प्रसाद, लखन कुशवाहा सहित कई अन्य नेताओं ने भाग लिया और शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग की अपेक्षा जताई।इस बैठक में प्रखंड उप प्रमुख विमल गुप्ता, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, और सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## लोयोला विद्यालय मे उत्साह के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शनिवार को लोयोला विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी का उल्लासपूर्ण उत्सव मनाया गया। 15वीं सीसीए गतिविधि के अंतर्गत, उत्सव के दौरान दही हांडी (मटका फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान कृष्ण के जन्म से जुड़ी सांस्कृतिक समृद्धि और भक्ति को दर्शाया गया। प्रतियोगिता को 4 समूहों में विभाजित किया गया, जिसमें शांति समूह विजेता रहा। इस अवसर पर पंचायत समिति आशा राय , प्रबंध निदेशक, लोयोला विद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के छात्रों ने नन्हे कृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक एम.के. बरनवाल ने अपने संबोधन में छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक



शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भगवान कृष्ण के आराध्य चरित्र की प्रशंसा की, जो महाविष्णु के आठवें अवतार हैं, जो संरक्षण, करुणा, प्रेम और कोमलता के देवता हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि जब चारों ओर अंधकार छा जाए तो वे आशा, प्रकाश और आनंद के अग्रदूत बनें और अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए धर्म के मार्ग पर चलें। इस कार्यक्रम ने सभी को गर्व और संतुष्टि की भावना से भर दिया। लोयोला विद्यालय, चरही में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव शिक्षा के साथ परंपरा को जोड़ने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक सच्चा प्रमाण था, यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें, साथ ही अपने शैक्षणिक लक्ष्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करें, इसकी छात्रावास सुविधाओं और अंग्रेजी बोलने वाले वातावरण के साथ जो छात्रों के लिए हर क्षेत्र में अच्छे अवसर सुनिश्चित करते हैं।

## गणेश पूजा महोत्सव बनाने को लेकर अफीम कोठी में हुआ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित अफिम कोठी में गणेश पूजा को लेकर दिन शनिवार को सोनू राम के अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष की गणेश पूजा बड़े ही धूमधाम से मानने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से बैठक में इस वर्ष के पूजा कमेटी के अध्यक्ष के रूप में श्री अजीत कुमार दास, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव सुभाष कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक राम का चयन किया गया। पूजा कमिटी के संरक्षक पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम तथा पूजा कमिटी संयोजक अभिषेक निषाद को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, अभिषेक निषाद,छोटी राम, पप्पू केसरी महेंद्र राम, सुजीत चौधरी, राहुल चौधरी, अमर कुमार, सूरज गुप्ता, श्रवण कुमार, रितिक कुमार, राजेश राम, दीपक राम, संतोष राम, दिनेश राम, मंटु राम, कारु राम, राजेंद्र राम, भोला राम, रवि कुमार, सोनू कुमार,मिथुन कुमार, सूरज कुमार, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणपति महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित राजगढ़ ग्राम देवी,देवी मंडप प्राँगण में शुक्रवार को श्री श्री सार्वजनिक गणपति पूजा समिति विष्णुगढ़ में पूजा आयोजन संबधी एक आवश्यक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शंकर कुमार एवं संचालन नीतीश कुमार ने किया सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कमिटि का पुनर्गठन करके अध्यक्ष शंकर कुमार उपाध्यक्ष बहादुर साव कसेरा एवं बिरजू कुमार कसेरा सचिव नितीश कुमार उपसचिव विक्रम कुमार कसेरा कोषाध्यक्ष संदीप कुमार कसेरा उपकोषाध्यक्ष उमाशंकर कुमार,मीडिया प्रभारी, रणधीर कुमार कसेरा को चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस बार भी गणपति महोत्सव मनाया जाएगा दिनांक 6 सितंबर 2024 को एंबीशन पब्लिक स्कूल के बच्चे



के द्वारा दाण्डिया प्रस्तुति के साथ प्रतिमा आगमन का कार्यक्रम रखा गया है 7 सितंबर 2024 से 5 दिवसीय पूजा तथा बाल नृत्य प्रतियोगिता एवं माता रानी का जागरण का भी भव्य आयोजन किया जायेगा , 11 सितंबर 2024 को प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा इस बार प्रतिमा विसर्जन में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव,विष्णुगढ़ पूर्व मुखिया संजय प्रसाद, विनोद प्रसाद कसेरा, गुरु प्रसाद साव, बालगोविंद राम, विश्वेश्वर स्वर्णकार,संतोष प्रसाद कसेरा, दीपक कुमार साव,राहुल कुमार मिश्रा,विजय कुमार पांडेय, अविनाश कुमार,विकास कुमार, विजय कुमार,नरेश सिंह,रोहित कुमार,सुनील कसेरा,अशोक प्रसाद कसेरा,अमित कुमार, विजय कुमार,जितेंद्र कुमार, मनजीत कुमार,रवि कुमार,प्रदीप कुमार,सुधीर प्रसाद,संजय कुमार, कुंदन कसेरा,सनी कसेरा,सूरज कुमार ,नवीन सोनी,सुनील प्रसाद कसेरा,दशरथ राय,अशोक राम समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण एवं सदस्य मौजूद थे।

## एवन मोटर के टाटा कंपनी का सर्विस सेंटर का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल ने किया



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को चरही स्थित एवन मोटर के टाटा कंपनी का सर्विस सेंटर का उद्घाटन सांसद मनीष जयसवाल ने किया।वही सांसद मनीष जायसवाल ने कहा सर्विस सेंटर केंद्र चरही मे खुलने से ट्रक सर्विसिंग कराने में सुविधा होंगी। और विभिन्न प्रकार के मशीन उपकरणों को भी जाइजा लिया उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है चरही क्षेत्र में कॉल माइंस एरिया रहने से टाटा वाहनों को अच्छी देखरेख में खास सहायता मिलेगा। वही मुख्य रूप निशिकांत, रवि जायसवाल, लखराज सिंह, मनोज सिंह, उमेश सिंह,टाटा मोटर्स सर्विसिंग सेंटर संचालक सहित क्षेत्र के वाहनों के मालिक एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिध एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## एडिशन पब्लिक स्कूल में राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के एडिशन पब्लिक स्कूल परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा नर्सरी , एलकेजी एवं यूकेजी विद्यार्थीयो के बीच विद्यालय परिवार के ओर से



कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर 24 अगस्त शनिवार को राधा कृष्ण बाल स्वरूप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विद्यालय प्राधानध्यापिका सुधा कुमारी ने जानकारी दिया की कुछ विशेष पर्व त्यौहारों के मौके पर बच्चो के बीच इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। जिससे की बच्चो में मानसिक सह बौद्धिक विकास में सहूलियत मिल सके । उन्होंने यह भी कहा कई छात्र छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक मनमोहक वेश भूषा अंग वस्त्र बाल स्वरूप राधा कृष्ण का प्रदर्शन,नृत्य, नाटक प्रस्तुत किया है। जो बच्चे कार्यक्रम में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन किए है । उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपहार और प्रदर्शन प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षिका अर्पण गोस्वामी,अनुराधा कुमारी,ममता कुमारी,पायल रानी,समीक्षा रंजन संग कई शिक्षक शिक्षिका जुटे हुए थे।

## अवैध वसूली के खिलाफ ट्रैक्टर मालिक गये हड़ताल पर, नही होगा ईटा, बालू, छर्री का उठाव

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारु थाना क्षेत्र मे बालू के उठाव का मामला काफी गरमाया हुआ है। नदी घाटों से बालू निकालने के एवज मे दारु थाना पुलिस द्वारा एंट्री के नाम पर हर महीने एक निश्चित रकम तीन से चार हज़ार प्रतिमाह लेने का आरोप ट्रेक्टर मालिक लगा रहे है।ट्रेक्टर मालिकों का कहना है कि एंट्री की रकम नही देने पर उनकी गाडी पकड़ ली जाती है उसके बाद छोड़ने के एवज मे 30 से 50 हज़ार रुपये की मांग की जाती है पैसा नही देने पर उनपर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। थाना मे एंट्री यदि दिया गया है तो अंचलाधिकारी जांच करने निकलते है और पकड़े जाने पर मोटी रकम लेकर छोड़ते है। गुरुवार और शुक्रवार को कवालू से दो और हरली से एक ट्रेक्टर अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने पकड़ा जिन्हे मोटी रकम लेकर मौक़े से ही छोड़ दिया गया। इस तरह प्रशाशन की दोहरी मार के कारण वे सभी त्रस्त है और वे हड़ताल पर जाने को मजबूर है।दारु प्रखंड अंतर्गत लगभग 200 ट्रेक्टर शनिवार से खड़े हो गये जिस कारण ट्रेक्टर चालक और मजदूरों के बीच आने वाले दिनों मे भुखमरी की स्तिथि पैदा हो सकती है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से पूर्व यादव समाज द्वारा आयोजित दही हांडी उत्सव कार्यक्रम में दिखा भगवान श्रीकृष्ण का बाल लीला

- **यादव समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम का उठाया लुप्त तथा बाल लीला का स्वरूप देकर हुए प्रभावित**
- **भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी एवं आदर्शो पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने प्रकाश डाला तथा जीवन में चरितार्थ करने का लिया संकल्प**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से पूर्व यादव समाज द्वारा सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया दुर्गा मंडप समीप दिन शनिवार को ÷दही हांडी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यादव समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल होकर लुप्त उठाया तथा बाल लीला का स्वरूप देकर काफी प्रभावित हुए। इससे पूर्व भगवान श्रीकृष्ण भगवान के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दही हांडी उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, उप प्रमुख रविकान्त सिंह, सखिया पंचायत पूर्व मुखिया अरूण यादव, अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापक अनुप्रिया कुमारी, पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव एवं राजेश यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में यादव समाज के युवाओं की दो टोली ने एक ऊपर एक घेरा बनाकर दही हांडी की मटकी को तोडा। जिसमें ओरिया बी गोविन्द यादव की टीम विजेता एवं ओरिया ए विवेक यादव की टीम उपविजेता रही। दही हांडी उत्सव कार्यक्रम का संचालन विजय यादव ने किया तथा दही हांडी प्रतियोगिता का निर्णायक के भूमिका में पूर्व महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव एवं राजेश यादव ने किया। प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी एवं आदर्शो पर प्रकाश डाला तथा जीवन में चरितार्थ करने का लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर विशेष रूप से महाबीर गोप, अमृतनगर कर्वे कला पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, जुगल यादव, रंजीत यादव, शैलेंद्र यादव, ओरिया पूर्व उपमुखिया संजय यादव, अशोक यादव, नारायण यादव, मंदीप यादव, बबलू यादव, विजय यादव, गोविन्द यादव, नीरज यादव, बादल कुमार, यशवंत पाण्डेय, अजीत यादव, कैलाश यादव, अनील यादव, पंकज यादव, अभिमन्यु भगत, विकाश यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, विवेक यादव, मनु यादव, अनील यादव, मनोज यादव, राहूल यादव, आकाश यादव एवं राजदीप यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## भामाशाह में श्री कृष्ण रुपसज्जा प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों के आकर्षक रूप ने मोहा मन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** गया रोड में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विशाल कक्ष में श्री कृष्ण रुपसज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के कक्षा अरुण से तृतीय तक के भैया बहनों ने माखन चोर बनकर सभी आगंतुक अभिभावकों का दिल चुरा लिया। वहीं कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया बहनों ने कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होकर अपनी प्रतिभा को प्रकट किया। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय समिति के उपसचिव दिनेश साहू, पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू आदि उपस्थित थे। मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने अतिथि परिचय तथा कार्यक्रम की भूमिका रखा। विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के पदेन सदस्य सह साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू ने कहा कि भगवान कृष्ण मे 16 कलाओं का समावेश है और भक्त इन्हें जिस रूप में याद करते हैं उन्हें वही रूप मे दर्शन देते हैं। विद्यालय के सह सचिव दिनेश साहू ने कहा कि भगवान कृष्ण सभी भारतीयों की आत्मा हैं। सभी मां अपने बच्चों का कृष्ण कहकर अवश्य पुकारती हैं। कार्यक्रम संचालन निर्भय कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवादज्ञापन विद्यालय के प्रभारी प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी ने किया। समस्त कार्यक्रम राखी कुमारी एवम रेश्मि दीदी के उचित मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। आगंतुक महिला अभिभावकों एवम पुरुष अभिभावकों का कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजैता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी जी उपस्थित रहे।

## आरएनवाईएम कॉलेज में छात्र- छात्राओं को फाइलेरिया की दी गई दवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** आरएनवाईएम महाविद्यालय बरही में अनुमंडलीय अस्पताल बरही के द्वारा फाइलेरिया निवारण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अस्पताल की टीम आई और महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र- छात्राओं को उनकी उम्र के अनुसार फायलेरिया की दवा दी। इसके साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी फलेरिया की खुराक लिया। स्वास्थ्य विभाग से आये टीम ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बरही प्रखंड को फायलेरिया मुक्त बनाना है। टीम में पीसीआई रामेन्द्र गिरि, पिरांगल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर मो. इरशाद एवं एएनम सावित्री, निर्मला, संयुक्ता सिन्हा एवं सरिता देवी मौजूद थे। इसके साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं सभी कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

## डॉ आरसी मेहता ने किया कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस नेता सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कंडसार, बहिमर, बरगडा, पेलावल इत्यादि दर्जनों गांवों मे जनसंपर्क किया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा की झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार सरकार द्वारा झारखंड वासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है जिसमें मईयां महिला सम्मान योजना महिलाओं के कल्याणकारी योजना है इस योजना का लाभ सभी परिवार के लोग उठायें। अबुवा आवास सभी कच्चे मकान घरवाले लोगों मिलेगा उसका लाभ उठाएं, 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी, 200 यूनिट निशुल्क बिजली, सोना सोबरण साड़ी धोती, 51 से लेकर जीवन पर्यंत सभी वर्ग के महिलाओं को पेंशन, संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा, लाखों लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर ,पशुधन देना, मुर्गी फॉर्म झारखंड



सरकार द्वारा हजारीबाग वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री किया गया है, हत्यारे पूर्व हजारीबाग डीसी सिंपसन पार्क से सिमसंन शब्द हटाना, होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा दे झारखंड पुलिस के बराबर वेतन दिया जाएगा पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना कृषकों को सब्सिडी में बीज देना, झारखंड के गांवों को सड़क से जोड़ना , तालाब बनाना इत्यादि सैकड़ो सराहनीय कार्य झारखंड सरकार द्वारा किया गया है ।

उपरोक्त जन कल्याणकारी योजना से सर्वांगीण विकास हो रहा है पुण; डॉ मेहता ने कहा इसी उपरोक्त कल्याणकारी सरकार के कार्यक्रम को जनता तक पहुंचाने के लिए वे प्रखंड पंचायत गांव और चूल्हा चक्की तक जा रहा हैं। उपरोक्त मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जाएगी और पुनः गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेस का भूमिका अहम होगी जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रिजवी साहब पूर्व प्रमुख चंद्र देव मेहता एडवोकेट संजय दास मनोज महतो गिरधारी महतो रामचंद्र राम राकेश गुप्ता इत्यादि ने भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए।

## सरकार का तानाशाही रवैया अब युवा को स्वीकार नहीं : अमित सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** युवा आक्रोश रैली में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ शामिल हुए भाजपा नेता अमित सिन्हा ने कहा की सरकार तानासाही रवैया अब युवा को स्वीकार नहीं युवा देश का भविष्य है और जिस प्रकार वर्तमान सरकार ने युवाओ को छलने का काम किया है उनके विरोध में शुक्रवार को जो युवाओ का गुस्सा देखने को मिला इससे ये तय है की इस बार वर्तमान सरकार को उखाड़ फेकने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली युवाओ को जहा भी जगह मिला वही भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, रास्ते में रोकने का विरोध करना शुरू कर दिया युवाओ का गुस्सा उफान पर है आक्रोश रैली से ये साबित हो गया की वर्तमान सरकार ने झारखंड के युवाओं को उनके हक की नौकरी, उनके हक का रोजगार और पिछले 5 सालों से हो रही उनके साथ हो रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए हेमंत सरकार के खिलाफ़ निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है। यह बात भाजपा नेता अमित सिन्हा ने युवा आक्रोश रैली में शामिल होने के बाद कही। इस बार ये आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फव्वारे और कटीले तारों की घेराबंदी हेमंत सरकार को नहीं बचा पाएगी।

## हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



**जन्माष्टमी पर्व मे नौनिहाल कन्हैया के रूप में सजकर स्कूलों में पहुंचे बच्चे**

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। नौनिहाल कन्हैया के रूप में सज कर स्कूलों में पहुंचे बच्चे। बच्चो ने माखन चुराते हुए श्री कृष्ण की बाल रूप की झांकी प्रस्तुत की। जूनियर क्लास के बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में सज धज कर स्कूल आए। बच्चों ने नटखट राधा कृष्ण जी के बाल स्वरूप की लीला को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया और मटकी भी फोड़ी। बच्चो ने भगवान श्री कृष्ण की पूजन अर्चना कर जन्मोत्सव की कथा सुनाई। बच्चे के अभिभावाक भी बच्चों के साथ कार्यक्रम देखने पहुचे। अभिभावक ने बच्चो की खूब तारीफ की। प्रधानाचार्य इरफान खान ने सभी बच्चों को जन्माष्टमी के इस पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं आए हुए बच्चो को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी। मौके पर जूनियर क्लास की शिक्षिका इंचार्ज मिस साबरा, विनीता, निक्की, सिद्धि, ज्योति, रेशमा, नगमा, सना परवीन, शफकत आदि मौजूद थी।

## सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने किया पौधरोपण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने प्रदूषण से बचाव के लिए किया पौधारोपण। सड़क किनारे सिंह नगर पुल से लेकर आईएसएल झरिया तक सुरक्षित जालियों के साथ लगाए गए पौधे। झरिया के लोगों ने कहा की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और पौधा का देखरेख हम लोग करेंगे। यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा लगातार आम जनों का साथ मिल रहा है। पौधरोपण के लिए लोग खुद से गड्ढा कर पौधा लगा रहे हैं। संस्था जाली एवं पौधा अपनी ओर से निःशुल्क प्रदान कर रही है। एक नयी पहल कर समाज के लोग खुद से अपनी मेहनत कर पौधारोपण किए हैं और यह मिशन 10000 पौधे लगाने का संकल्प लिए हैं। संस्था के सदस्यों द्वारा अपने स्तर पर सड़क किनारे काटे गये वृक्षों के स्थान पर पौधारोपण कर उसे सुरक्षित करने के लिए तार के बाड़ से घेराबंदी की जा रही है, ताकि आने वाले भविष्य में लोगों को पूर्व की भांति शीतल भरी हरियाली मिल सके। पौधारोपण में मुख्य रूप से सैयद अरमान यूथ कॉन्सेप्ट सचिव मोहम्मद इकबाल, अखलाक अहमद, रोहित शर्मा, संजीव शर्मा, राहुल शर्मा, राशिद खान, रवि केसरी, अब्दुल हक अर्शी, अलमास, मोहम्मद महताब आलम, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ट्रक व पिकअप के टक्कर से बाइक सवार गंभीर, धनबाद रेफर

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के घंघरी पुल के समीप ट्रक और पिकअप की पिछे से टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना को लेकर बताया जाता है कि बगोदर की ओर से डुमरी की ओर जा रही ट्रक ने पिकअप वैन को पिछे से टक्कर मार दिया जिसे पिकअप असंतुलित होकर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए रोड़ से निचे उत्तर गई । वहीं गंभीर से घायल युवक चाउमीन बेचने का काम करता है और चाउमीन लेकर अपना दुकान खोलने जा रहा था कि इसी दौरान बेको अंडर पास के नजदीक सड़क दुर्घटनाग्रस्त में गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस स मीना जेनरल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बेको निचे टोला निवासी भागीरथ साव को धनबाद एनएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बगोदर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे।



## अंडर 14 बॉयज झारखंड फुटबॉल टीम के लिए सिजुआ स्टेडियम में सिलेक्शन ट्रायल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंडर 14 बॉयज झारखंड फुटबॉल टीम गठन हेतु सिलेक्शन ट्रायल रविवार 25 अगस्त को सिजुआ स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ की देखरेख में होगी। उक्त बातों की जानकारी देते हुए संघ के महासचिव मृदुल बोस ने बताया विभिन्न जिलों से अंडर 14 बॉयज खिलाड़ी सिजुआ स्टेडियम में कल चयन ट्रायल में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी ने जिला फुटबॉल संघ की देखरेख मे यह चयन ट्रायल आयोजित किए। वैसे खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे जिसका जन्म वर्ष 2011 और 2012 में हुआ हो और सीआरएस किया हुआ हो। खिलाड़ियों को सुबह 8ः00 बजे सिजुआ स्टेडियम में संघ के संयुक्त सचिव उदय मिश्रा को रिपोर्ट करना है। जिला संघ से पंजीकृत जिले के क्लब अपने खिलाड़ियो को इस चयन ट्रायल मे भेज सकते है।

# दुमदुमी उत्क्रमित विद्यालय के आस-पास शराब बेचना जल्द बंद हो : सदानंद महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दुमदुमी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुमदुमी को पीएम श्री योजना से जोड़ा गया है। इस विद्यालय की शुरुआत झारखंड पितामह स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो ने किया था। स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो जिन्होंने नारा दिया था ÷पढ़ो और लड़ो÷ दुमदुमी उत्क्रमित उच्च विद्यालय को पिछला साल से बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, लेकिन जब से स्कूल को पीएम श्री योजना से जोड़ा गया। तब से असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल के बंद होने के बाद रात्रि को जुआड़ियों एवं नशाखोरों का अड्डा बना दिया गया है। पूरी रात दुमदुमी उत्क्रमित विद्यालय इनके कब्जे में रहता है।

स्कूल प्रबंधक, शिक्षा समिति, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने तोपचांची थाना को लिखित आवेदन थाना प्रभारी के नाम से दिया गया है।वहीं आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि ग्रामीणों को शैक्षणिक वातावरण बनाना चाहिए। विद्यालय के आसपास जितने भी घरों में शराब बेची जा रही है, उन्हें तुरंत बंद करनी चाहिए। प्रशासन जल्द कार्रवाई करे अन्यथा ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे।

# नदी की तेज धार में बही युवती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर थाना क्षेत्र के अडवारा पंचायत के पहाड़पुर गांव में एक आदिवासी युवती नदी के तेज धार में बह गई। घटना शुक्रवार की बताया जा रहा है गांव वाले व बगोदर पुलिस ने काफी खोजबीन के बाद खेडुवा नदी किनारे एक झाड़ी में अटका मिला । घटना को लेकर बताया जाता की मंगरी कुमारी बर्त्तन धोने नदी गई थी । तब से गांव वाले खोजबीन में लोग लगे शनिवार को शव बरामद किया गया । बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । घटना के बाद परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है उधर घटना से पुरे गांव में मातम पसरा है।

## लाइफस्टाइल इफेक्ट ऑन नी हेल्थ विषय पर सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लाइफस्टाइल इफेक्ट ऑन नी हेल्थ विषय पर शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद एवं नारायणा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में धनबाद क्लब में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता आर्थोपेडिक सर्जन, सलाहकार डॉ. विवेक शर्मा ने युवा वर्ग में बढ़ते घुटने की समस्याओं पर चिंता व्यक्त की और इस प्रवृत्ति के पीछे के कारकों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने घुटने की समस्याओं के कारण, उपलब्ध उपचार विकल्पों और घुटने के स्वास्थ्य को बनाए रखने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा की घुटना एक महत्वपूर्ण जोड़ है, जिस पर हम प्रतिदिन 10000 कदम चलते हैं, इसलिए इसे स्वस्थ अवस्था में बनाये रखना बहुत महत्वपूर्ण है। जोड़ की कार्टिलेज, जोड़ के चारी और मांसपेशिया और जोड़ में रक्त का प्रवाह सभी ठीक होना चाहिए।

# फुट ब्रिज व अन्य निर्माण के लिए गिरिडीह सांसद ने आरओ के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ कांड्रा, खरखरी, कोको मठ में फुट ब्रिज और राजगंज से चास तक सड़क में समस्याओं का समाधान के लिए भाजपा धनबाद जिला महामंत्री धनेश्वर महतो व अन्य का संघर्ष अब रंग लाती नजर आ रही है। उक्त सड़क निर्माण के बाद जो समस्या रहा गई है जिसके समाधान के लिए भारतीय राष्ट्र राजमार्ग प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय रांची में गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी , भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, सदस्य मटुक मिश्रा ने आर ओ के साथ राँची में बैठक किया । बैठक में रेजिनल ऑफिसर एन एल योतकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयु धनबाद मनोज कुमार पाण्डेय ऐकता कुमारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयु राँची डीजीएम टेक्नोलोजी आरओ राँची विनीत कुमार बागेरिया मैनेजर टेक्नोलोजी आर ओ राँची उपस्थित हुए। बैठक में चास से राजगंज तक एन एच आई में रह गई समस्याओं को लेकर घंटों चर्चा किया गया और समाधान के लिए सहमति बनी। धनेश्वर महतो ने बताया कि तेलमोच्चो दामोदर नदी ब्रिज पुराना पुल का जीर्णोद्धार ।चास से लेकर राजगंज तक हर सड़क कट में हाई मास्क लाइट। मुख्य मार्ग मछियार ओवर ब्रिज से तेलमोच्चो पुल तक स्ट्रीट लाइट लगवाना । मुख्य मार्ग मे सोनारडीह रेलवे फाटक एवं कतरास गौशाला पुल के सामने रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण। मुख्य मार्ग मे पुराना एनएच बायपास रोड जो लोहापट्टी चंद्रपुरा को जोड़ता है उस पर एक लोहापट्टी में मिडयन कट का निर्माण।



मुख्य मार्ग मे मछियारा ओवर ब्रिज से धनबाद रोड को जहां जोड़ती है वहां गोलंबर का निर्माण ।

**डीएवी मॉडल स्कूल सिंफर में अंतर सदनीय राधा-कृष्ण रूप सज्जा व समूह नृत्य का आयोजन संपन्न**

# आध्यात्मिक ज्ञान के बिना पुस्तकीय ज्ञान अधूरा है : महुआ सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में जन्माष्टमी के अवसर पर अंतर सदनीय राधा-कृष्ण रूप सज्जा एवं समूह नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसे तीन समूह में बाँटा गया। प्रथम समूह में कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के नन्हें-मुन्ने बालक बालिकाओं ने बालक राधा-कृष्ण का रूप धारण कर वहाँ उपस्थित सभी का मन मोह लिया। दूसरी समूह में कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के बच्चों को शामिल किया गया, जिन्होंने राधा कृष्ण बन कर मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का ध्यान स्कूल के सर्वांगीण विकास की ओर खींचा। तीसरे समूह में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चो को रखा गया। इन बच्चों की नृत्य प्रस्तुतीकरण से प्रेम की भूमि वृंदावन की याद आने लगी तथा वहाँ उपस्थित सभी बच्चों की प्रतिभा को देखकर भूरी भूरी प्रशंसा करने लगे। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने इस जन्माष्टमी के अवसर पर सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि अध्यात्म के विकास से ही बच्चों के अंदर सर्वांगीण विकास संभव है, क्योंकि आध्यात्मिक ज्ञान के बिना पुस्तकीय ज्ञान अधूरा है। यह प्रतियोगिता सीसीए इन्चार्ज मौसमी बनर्जी की देख रेख में संपन्न हुआ। निर्णायक दल मे दीपांविता गांगुली, सुमन सिंह एवं किरण कुमारी थीं। मौके पर सभी सदनों के हाउस मास्टर भी उपस्थित थे।

# युवा विरोधी हेमंत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगा झारखण्डी युवा : रीता माथुर प्रसाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पूर्वी बगोदर की जिला परिषद सदस्य सह भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता माथुर प्रसाद शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम उन्होंने दर्जनों समर्थकों के साथ रैली स्थल पर पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, तत्पश्चात मोराबादी मैदान से सीएम आवास की ओर कूच किया। आक्रोश रैली के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए रीता माथुर प्रसाद ने कहा कि 2019 में 5 लाख नौकरी का झांसा देकर हेमंत सोरेन ने युवाओं को ठगने का काम किया। 5 लाख नौकरी छोड़िये ये भ्रष्टाचारी सराकर तो 5 हजार नौकरी भी पारदर्शी तरीके से नहीं दे पाई। इस से ज्यादा निकम्मा और धोखेबाज मुख्यमंत्री झारखंड को आज तक नहीं मिला। लूट और झूठ की इस सरकार ने झारखंड के युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया और इस महापाप की सजा झामुमो-कांग्रेस की इस सरकार को जरूर मिलेगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/11/2024-25 E-tender**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के तमाड़ विधानसभा अंतर्गत बुण्डू प्रखंड के रेलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम रेलाडीह से उप बेड़ा टुंगरी टोला के बीच रायसा नदी पर बुरू घाट में पुलिया निर्माण। | 494.383 | 9,89,000 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.09.2024 से दिनांक 10.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 333716 Rural Development(24-25).D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Ranchi West, Ranchi**

**EoI No- 2/CDO/Ranchi/Empanelment/2024-25 Dated: - 23.08.2024**

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for empanelment of only indigenous manufacturers of HDPE / MDPE pipe to be included as recommended makes to be used in ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand through Online bidding.

1. Date of uploading of EOI onhttp://jharkhandtenders.gov.in : 27.08.2024 at 3.00 PM
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 30.08.2024 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 12.09.2024 up to 04.00 PM
4. Opening Date of Technical Bid : 13.09.2024 at 5.00 PM
5. EOI application Fee : Rs. 10,000/- only(non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9430725642 /8709958093
8. EoI application Fee should be Paid Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) (Non- Refundable) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi. (As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023 attached Annexure-1) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.**
9. Performance Guarantee should be Rs 2,50,000/- (Rupees Two Lakhs Fifty Thousand Only) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Seven years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. **(As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department .** EoI application fee, Performance Guarantee & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Performance Guarantee & bid documents is being received separately and properly superscribed in Online Mode. The office of Executive Engineer D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method.
10. In the event date specified for receipt / opening of technical bid is declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following next working day at the appointed time.
11. Bid shall be 180 days from the date of opening bid.
12. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date.
13. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
14. Bid Documents/ Any changes & Further details can be seen on website: http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division
Ranchi West, Ranchi

PR 333736 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# आगामी त्योहार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सशि विद्या मंदिर कैरो में रुप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रुपसज्जा जैसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक विरासत का परिचायक, अच्छे संस्कार में ही राष्ट्रभक्ति समाहित : शरत कु0 विद्यार्थी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड मुख्यालय में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 24 अगस्त शनिवार को रूप सज्जा प्रतियोगता का किया गया आयोजन। आयोजन में कुल 30 भैया बहनों ने भाग लिया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य के निरीक्षण में कृष्ण और राधा के आकर्षक बहुरंगी स्वरूप धारण करके सभी प्रतिभागियों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी ने सभी प्रतिभागियों को हौसला बढ़ाया और कहा, छात्र अपने संस्कृति का संवाहक बनें। सभी अपने सांस्कृतिक विरासत से परिचित हों। ऐसे कार्यक्रम हमारे मूल्यों की रक्षा करता है। आप जितना जागरूक बनेंगे देश और समाज को उतना ही लाभ होगा। सचिव संजय गुप्ता ने कहा छोटे छोटे बच्चों द्वारा किए गए रूप सज्जा उनके रचनात्मक कला को दर्शाता है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा, विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाते हैं ताकि आरंभ से ही बच्चों में संस्कार निरूपित हों सके जिससे आगे चलकर छात्र एक आदर्श, धर्मनिष्ठ और देशभक्त नागरिक बन सकें। अंक के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान पर अदिति रानी, द्वितीय स्थान पर सृष्टि कुमारी और तृतीय स्थान पर लोकेश कुमार को सफल घोषित किया गया। सफल प्रतिभागियों को समिति पदाधिकारियों ने सम्मानित किया साथ ही शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी सचिव संजय गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य देवा उराँव, नारायण कुमार, गणेश कुमार, रीता यादव, शांति नाग, देवंती साहु इत्यादि सभी आचार्य वृंद रुपसज्जा प्रतियोगिता कार्यक्रम मे उपस्थित थें।

# हम सब मिलकर संत मोनिका पर्व को भव्य रूप दें : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोगड़ा चर्च परिसर में शनिवार को सन्त मोनिका पर्व को लेकर तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंडरीपानी चर्च के पल्ली पुरहोती फा पौल तिर्की ने किया। बैठक में जिप सदस्य सह काथलिक महिला संघ की सभा नेत्री जोसिमा खाखा भी उपस्थिति थी। फा पौल तिर्की ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। हमे सभी को मिलकर संत मोनिका पर्व को भव्य बनाना है। इसके लिए सभी लोग बढ़ चढ़ कर सहयोग करें। उन्होंने लोगों के सामने ईश्वर की महिमा का भी गुणगान किया। साथ ही ईशा मसीह के बताए मार्गो का अनुशरण करने की अपील की। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से सभी माताओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। वे एक आदर्श मां है। हम सभी संत मोनिका पर्व को भव्य रूप देने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि रविवार को चर्च परिसर में सभी कोई संत मोनिका पर्व समारोह में उपस्थित होकर उनके आदर्शों से प्रेरणा लें। हम सन्त मोनिका से एवं ईश्वर से अमन, चैन और खुशहाली की दुआ करें। समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए भी प्रार्थना करें। जोसिमा ने कहा कि परमपिता परमेश्वर की महिमा निराला है। उनके घर देर है पर अंधेर नहीं। हम सभी ईश्वर में विश्वास करें। अपने सारे कष्ट एवं तकलीफों को उनको सौंप दें। ईश्वर हमारी सभी कष्टों को दूर करेंगे। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में शनिवार को धूम धाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यलय स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में शनिवार को धूम धाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर बालकों ने श्री कृष्ण का रूप और बालिकाओं ने राधा रानी का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। पूरे स्कूल में श्री कृष्ण और राधा रानी के रुप सज्जा का प्रतियोगिता हुआ, जिसमें श्री कृष्ण रूप सज्जा में प्रथम स्थान नमीष साहू, द्वितीय हर्षित कुमार,तृतीय परमजीत कुमार, चतुर्थ अंश कुमार और पांचवे स्थान पर तरुणदीप साहू आया। बालिका वर्ग में राधा रानी के रुप में प्रथम स्थान पर शिल्पी कुमारी, द्वितीय आभा रानी, तृतीय सृष्टि कुमारी, चतुर्थ विभा कुमारी और पांचवे स्थान पर रानी कुमारी रही। बीच बीच में बच्चों के द्वारा जन्माष्टमी पर आधारित बहुत सुन्दर मनमोहक नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के निदेशक श्री बैद्यनाथ कुमार पाण्डेय जी ने बताया कि हमारी संस्कृति, हमारा धर्म, हमारी परम्परा को बच्चों को इसी प्रकार पर्व त्यौहार के माध्यम से अवगत कराया जाना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और वे फिर तरोताजा महसूस करते हैं और पढ़ाई में भी मन लगता है। कार्य क्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक बैद्यनाथ कुमार पाण्डेय के अलावा विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षक शिक्षिकाएं बबीता पांडेय, रेखा देवी, कुसुम, काजल, मनीषा, रामलाल, मुसादिक, नूतन, किशोर, रमेश शर्मा, विवेक झा, आरती, सिमरन, मनीषा शर्मा, मनोज राय, इंद्रदेव, फलक मौजूद थे।

**तीन दिवसीय शहिद नकुल सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मैच**

# खेल के विकास और खिलाड़ियों को सुविधा देने का काम करेगी झारखंड पार्टी : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ ईद टांड़ मैदान में आयोजित शहिद नकुल सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। मामा क्लब बानो और सनराइजर्स जराकेल के बीच फाइनल के रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जराकेल सनराइजर्स की टीम ने जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। खेल प्रतियोगिता में विजेता जराकेल सनराइजर्स उपविजेता मामा क्लब बानो, तृतीय पबुड़ा और चतुर्थ पतिअंबा की टीम बनी विजेता एवं विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, विशिष्ट अतिथि सुकर सिंह, अन्य अतिथि रिंकू अग्रवाल, खेल समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, राजेश साहू, आदि ने खिलाड़ियों से परीचय प्राप्त कर किया।सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामना दी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने ईद टांड़ मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों और मैदान के चारों ओर उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा खेल के विकास और खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा देने के लिए झारखंड पार्टी हर संभव प्रयास करेगी उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें।खेल हमें अनुशासन सिखाता है,खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक तथा बौद्धिक विकास भी होता है।हमारा सिमडेगा जिला खेल की दिशा में झारखंड और देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विख्यात है। सिमडेगा जिले को खेल और हॉकी की नगरी कहा जाता है।

# अनियंत्रित वाहन घर घुसा वाहन में सवार दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ 143 ए पर सेन्हा चौक के समीप अनियंत्रित वाहन सुरेंद्र साहू के मकान में घुसा.जानकारी के अनुसार बताया जाता है की स्कार्पियो वाहन संख्या बी आर 06 डी एल 4146 में सवार पांच व्यक्ति सम्बलपुर उड़ीसा से बिहार राज्य के शिवहर जा रहे थे। उसी क्रम में देर रात्रि स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सेन्हा निवासी सुरेन्द्र साहु का मकान घुस गया जिसे मकान का पिलर टूट गया और मकान का अगला हिस्सा टूट गया। तथा मकान में दरार हो गया है स्कार्पियो वाहन में सवार होकर पांच लोग संबलपुर उड़ीसा से लौट कर अपने घर शिवहर बिहार जा रहें थे। वही स्कार्पियो चालक आशीष कुमार ने बताया की स्कार्पियो में पांच लोग सवार थे जिस में दो व्यक्ति घायल गये। घायलों में पवन कुमार और साहिद आलम शामिल हैं। जिन को स्थानीय पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा में इलाज कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात अपने सहयोगियों द्वारा घायलों को बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया गया है। साथ ही चालक ने कहा की सीट बेल्ट लगाए हुके थे जिसके कारण आगे बैठे सवारी को चोट नही लगी। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अनियंत्रित हो कर मकान में स्कार्पियो घुसने से स्कार्पियो वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। तथा मकान का अगला हिस्सा छतिग्रस्त हो गया है। वही स्कार्पियो में सवार दो व्यक्ति घायल हो गये हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजन पटना ले गए है। साथ ही बताया कि वाहन घटना स्थल पर ही है मकान का दीवार वाहन पर अटका हुआ है। मकान मालिक द्वारा आवेदन देने पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जाएगा।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के प्रयास से पेसरार प्रखण्ड के ग्राम पहारगीर को मिला ट्रांसफार्मर



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेशरार प्रखंड के सिरम पंचायत अंतर्गत पहारगिर गांव में बीते कुछ महीनों से ट्रांसफार्मर खराब था जिसे ग्रामीणों में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, जिसे पहारगीर ग्रामीणों के द्वारा आवेदन लिख कर विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव जी के विधायक प्रतिनिधि श्री निसीथ जयशवाल जी को दिया गया तत्व पश्चात करवाई करते हुवे तुरंत बिजली विभाग से संपर्क करते हुवे 25 kW का ट्रांसफार्मर मुहाया कराया गया।जिससे पहारगीर के ग्रामीणों ने विधायक सह मंत्री जी और कांग्रेस पार्टी को तहे दिल से आभार बयक्त की।मौके पे पेशरार प्रखंड विस सुत्री अध्यक्ष रविन्द्र कु सिंह, युथ प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश कुमार गुप्ता, युथ उपाध्यक्ष सह विसूत्री सदस्य विनय उरांव, सुकूलदेव उरांव, ललित उरांव, संजय उरांव, संतोष सिंह, सुरेंद्र प्रहिया, कमलेश प्रेहिया, सुंदर सिंह, सुलेंदर सिंह, उदेशर उरांव, आदि मौजूद थे।

## 19 विधार्थियो के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में झारखण्ड सरकार के मानव कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोराम्बे गोरतोली के 19 छात्र छात्रओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये उन्नति का पहिया के तहत सरकार साइकिल दे रही है। जिसे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिये परेशानी न हो। जिसे विद्यार्थियों के लिये सरकार और अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। छात्र छात्राएँ साइकिल का उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे। वही बेटे बेटियों के प्रति सरकार की सामान्य सोच है। किसी भी तरह से पढ़ाई से कोई भी बच्चे बच्चियां वंचित न रहें। जिसके लिये सरकार द्वारा छात्र व छात्रा सभी को साइकिल दिया जा रहा है। साथ ही बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के उद्देश्य से सरकार छात्रवृति, पुस्तक तथा मध्याहन भोजन भी दे रही है। जिसे पढ़ लिख कर बच्चे बच्चियाँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य को उज्ज्वल बना कर देश और समाज को सुधाराने की दिशा में काम कर सकें। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, शिक्षिक हरिचरन नायक के अलावे सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## लाठी गोली की सरकार नही चलेगी : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को जिला समेत सभी प्रखंडों व कस्बो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। लोहरदगा समाहरणालय के समीप पुतला दहन करते हुए के जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झारखण्ड की हेमंत सरकार डरी व सहमी हुई है। जिसके कारण युवा आक्रोश रैली को हर प्रकार असफल करने का प्रयास किया गया। कार्यकर्ताओ के वाहनों को पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेट लगा कर रोका गया वही आक्रोश रैली में आये कार्यकर्ताओ को लाठी डंडे से पीटा गया। वाटर कैनन और अश्रु गैस छोड़े गए रबर की गोलियों से प्रहार किया गया। कार्यक्रम स्थल को कंटीले तारो से घेराव किया गया वावजूद आक्रोश रैली सफल रही। हेमंत की निकम्मी सरकार अपने एक भी चुनावी वादों को पूरा नही किया।उन्होंने बेरोजगार युवाओं किसान पारा शिक्षकों, सहायक पुलिस कर्मियों को ठगने का काम किया है।ऐसी धोखेबाज सरकार को आगामी चुनाव में प्रदेश की जनता सत्ता से उखाड़ फेकेंगी। मौके पर राजकिशोर महतो, बिनोद राय, पशुपति नाथ पारस, संजय कुमार, अनिल उराँव, कलावती देवी सामेला बाखला, बाल्मीकि कुमार, राजकुमार वर्मा, सचिन साहू, मिथुन तमेडा, ओम गुप्ता, सूरज दौसन्धि, मंगरा यादव शम्भू सिंह, बृजनंदन यादव, प्रमोद प्रजापति, अशोक कांस्यकार, विमल कांत सिंह, आर्यन साहू, आयुष, हसमुख, प्रदुम्न, रौशन, अंकित साहू आदि शामिल थे।

**ठेकेदार को समय से मजदूरों के वेतन का भुगतान करना होगा : सुखदेव भगत**

# नगर परिषद के सैकड़ो मजदूर सांसद सुखदेव भगत से मिल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा लोहरदगा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष महेश कुमार सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौपकर उसमें दिए गए मांगों को पूरा करने की मांग किए । प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जब से लोहरदगा नगर परिषद में एनजीओ एसएमडब्ल्यूएम को कॉन्ट्रैक्ट पर सफाई करने की जिम्मेदारी मिला है तब से मजदूरों को समय से मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। विगत तीन महीना से मजदूरों का वेतन नहीं मिला है जिसके कारण गरीब मजदूरों को पेट चलाना मुश्किल हो गया है। साथ ही साथ झारखंड सरकार श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग रांची के अधिसूचना तथा अन्य सरकारी परिपत्रों के आलोक में अधी मानता के साथ श्रेणीवार न्यूनतम मजदूरी एरियर के साथ भुगतान किया जाए। रिक्त पदों पर स्थायी कर्मचारी बहाल किया जाए तथा राज्य सरकार को भेजे गए 18 कर्मियों को नियमित किया जाए। 25 से 30 वर्षो से कार्यरत सफाई कर्मियों को स्थायी किया जाए तथा बोनस दिया जाए। मृतक कर्मचारियों की आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर सफाई कर्मियों को प्रभावित तिथि से नियमित बहाली की जाए सहित अनेक मांगों को संसद के पास रखकर उसका निदान करने की मांग किये। सांसद सुखदेव भगत ने मजदूरों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि कॉन्टैक्टर को हर हाल में समय से मजदूरों का भुगतान करना होगा ।3 महीना से मजदूरों को वेतन नहीं मिलने के कारण मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्र निर्माण में मजदूरों का अहम भूमिका होता है। संसद में कहा कि वह नगर परिषद के कार्यपालक को बुलवाकर सारी वस्तु स्थिति से अवगत होकर मजदूरों के समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे साथ ही साथ ठेकेदार एग्रीमेंट के आधार पर काम कर रहा है या नहीं उसका भी जांच किया जाएगा। मजदूर हित सबसे पहले है इस पर कोई समझौता नहीं होगा। सांसद ने कहा कि राज्य स्तरीय मामले को लेकर हुए विभागीय सचिव से वार्ता कर मजदूरों के समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे।। मौके पर राज्य अध्यक्ष महेश कुमार सिंह, फूलदेव कुजूर, रामजीत उरांव, राम लखन महतो, प्रदीप उरांव, सुरेंद्र उरांव शनिचरवा ठकरू, सुनीता उरांव, अनीता उरांव, सरिता उरांव सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## नगर भवन में जिला स्तरीय खरीफ फसल को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को नगर भवन, लोहरदगा में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-2024 का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा मिलेट मिशन योजना, फसल सुरक्षा योजना, किसान समृद्धि योजना की विशेष जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यत~ बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि की उन्नत तकनीक, पशुपालन विभाग की योजना, मत्स्य योजना, भूमि सरक्षण की योजना, दुग्ध विकास योजना पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ 05 किसानो को मृदा स्वस्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भूमि सरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सीआईपीएम, झारखंड, रांची, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, तकनीकी सहायक, एनएफएसएम उपस्थित हुए। इसके साथ सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र, प्रगतिशील किसान के साथ साथ जिले के सभी एफपीओ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में फसल बीमा 31.08.2024 तक युद्ध स्तर पर सीएससी सेंटर पर जाकर 1 रुपया का टोकन कटा कर बीमा कराने पर जोर दिया गया। साथ ही कृषकों द्वारा किट व्याधि सवालों का निष्पादन उक्त कर्मशाला में किया गया। इस मौके पर एक पेड़ माँ के नाम का भी शुभारंभ पौधा लगा कर किया गया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया.इस अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत वन्दना सभागार में विद्यालय के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, संस्थापक सदस्य रामलाल महतो के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर शुभरम्भ किया गया। राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता हेतु तीन निर्णायक मंडली बनाया गया। जिसमे प्रथम निर्णायक अध्यक्ष द्वितीय निर्णायक रामलाल महतो एवं तृतीय निर्णायक के रूप में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी को बनाया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागी समिल्लित हुए जिसमें कृष्ण रूप सज्जा में कक्षा द्वितीय के विवान तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान अनिकेत कुमार एवं तृतीय स्थान कक्षा प्रवेश से युवराज कुमार को प्राप्त हुआ। वही राधा के रूप में प्रथम स्थान कक्षा प्रवेश से नित्या कुमारी प्रथम,द्वितीय अंशु कुमारी और तृतीय स्थान पर काजल कुमारी और प्रेमिका उरांव रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा भाद्रपद मास के अष्टमी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। साथ ही कहा कि भगवान सृश्न ने महाभारत की लड़ाई में सत्य और असत्य को दिखाया था। तथा अर्जुन को श्रीमद्भागवत गीता का उपदेश देकर सम्पूर्ण जगत में ज्ञान को प्रकाशित किये थे। साथ ही कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने प्रेम का भी पथ पढ़ाया था। जिसे हम सबों को आत्मसात करना चाहिये। वही राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को अध्यक्ष एवं संथापक सदस्य के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तथा रामलाल महतो के द्वारा श्रीकृष्ण जमन्मष्टमी का बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, मालती कुमारी, संध्या कुमारी, डॉली कविता, निधि कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशबू कुमारी, सुधीर उरांव, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्य व विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे।

**नाग देवता की पूजा पर समर्पित गोगा नवमी त्यौहार 27 अगस्त को**

# भगवान गोगा की पूजा करने से सांपों एवं अन्य बुराइयों से रहते हैं सुरक्षित : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदुओं का त्योहार गोगा नवमी 27 अगस्त को मनाया जाएगा। गोगा नवमी जिसे गुगा नौमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व मारवाड़ी समाज के घरों में भी उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। गोगा नवमी भगवान गुगा यानि नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित है। गोगा नवमी भाद्र पद महीने में कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। हिंदू परंपराओं में गोगाजी जिन्हें जहर वीर गोगा भी कहा जाता है वे एक लोकप्रिय लोक देवता है जिनकी भारत के उत्तरी राज्यों विशेष रूप से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। गोगा नवमी गोगाजी के सम्मान में मनाया जाने वाले महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक है। मान्यता है कि वे भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को प्रकट हुए थे। इसलिए हिंदू उन्हें यह दिन समर्पित करते हैं, गोगा को शक्तिशाली राजपूत राजकुमार के रूप में जाना जाता है जिनके पास विषैला सांपों को नियंत्रित करने की अलौकिक शक्तियां थी। इस दिन अनुष्ठानों के एक भाग के रूप में उनकी कहानियों के विभिन्न संस्करण सुनाए जाते हैं। कुछ कहानियों में उनके दिव्य जन्म, उनके विवाह, पारिवारिक जीवन, युद्ध, सांप के काटने पर उपचार करने की उनकी अविश्वसनीय कला,और पृथ्वी से उनके गायब होने का वर्णन है। हिंदुओं का मानना है कि इस दिन उनकी पूजा करने से वे सांपों और अन्य बुराइयों से सुरक्षित रहते हैं उसके अलावा एक लोकप्रिय मान्यता यह भी है कि भगवान गुगा बच्चों को सभी नुकसानों से बचाते हैं इसलिए विवाहित महिलाएं गोगा नवमी पर पूजा करती है और अपने बच्चों की भलाई और लंबी उम्र के लिए उनसे प्रार्थना करती है। कुछ नि~ संतान विवाहित महिलाएं भी इस दिन संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना करती है। गोगा नवमी के दिन भक्त गोगा जी की मूर्ति की पूजा करते हैं वे नीले रंग के घोड़े पर सवार दिखाई देते हैं और पीले और नीले रंग के झंडे भी थामे रहते हैं कुछ क्षेत्रों में भगवान गोगा की पूजा का अनुष्ठान श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन से शुरू होता है और नवमी तक नौ दिनों तक चलता है इसी कारण इसे गोगा नवमी के नाम से भी जाना जाता है।

## फांसी लगकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ओडगा ओ.पी. क्षेत्र के कुटुंगिया पंचायत अंतर्गत अनाई पहनटोली निवासी जोगना तोपनो उम्र 37 वर्ष, पिता स्वर्गीय सुखराम तोपनो ने अपने पहने हुए गमछा से ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार शाम की बताई जा रही है।

# निगम कर्मियों के बदौलत हमने जीती कोरोना की जंग : अरुणा शंकर



सरकार लाखों नौकरी के वादे कर रही, फिर इन्हें अनदेखा क्यों ?



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को नगर निगम कर्मीयों द्वारा सारे निगम के कार्य को ठप करते हुए अपने मांगों को लेकर दी गई धरना पर बैठे स्थल पर पहुंच कर उनकी बातों को सुनी। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे दैनिक वेतन भोगी श्रमिक या कॉन्ट्रैक्ट श्रमिक, जो लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उठाते आ रहे हैं और वर्षों से निगम को निर्विवाद सेवा देते आ रहें हैं, फिर सरकार इनको परमानेंट क्यों नहीं कर रही है। जबकि सरकार लाखो नई नई बहाली के वादे रोज रोज कर रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए जब हमारे देश में कोरोना की त्रासदी थी और सारे लोग घर से नहीं निकल पा रहे थे। उस वक्त हमारे योद्धा के रूप में सामने आए निगम कर्मी, पुलिस कर्मी एवं मेडिकल पारा स्टाफ के बदौलत ही उस लड़ाई को मात दे पाए। इन लोगों ने रात को रात नहीं समझा और दिन को दिन नहीं समझा। ये कर्मी रात और दिन लगकर निगम क्षेत्र की सफाई करते रहे। उनके द्वारा किए गए कार्यों का ही फल है कि पूरे निगम क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। अगर उस वक्त हमारे निगम कर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर शहर की नली गली को स्वच्छ नहीं रखे होते तो हजारों जाने जा सकती थी। सरकार को उसी वक्त पूरे राज्य के दैनिक वेतन निगम कर्मियों को पुरस्कार के रूप में स्थाई कर देना चाहिए था। जबकि आज तक यह दैनिक वेतन भोगी अपनी मांगों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। अरूणा शंकर ने कहा मैं उनकी मांगों का समर्थन करती हूं। सरकार को उनकी मांग को गंभीरता से लेनी चाहिए। प्रथम महापौर ने धरना स्थल पर कर्मियों से मिलने के बाद नगर आयुक्त से मिलकर उनकी बातों को गंभीरता से रखी। नगर आयुक्त ने सरकार में इनकी बातों को मजबूती से रखने का भरोसा दिया।

## काफी पॉपुलर हुआ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# हर घर में हो रहा सीएम हेमंत सोरेन की चर्चा

### हेमंत सोरेन को महिलाएं दे रही है दिल खोलकर आशीर्वाद

रवीन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र



झारखंड को बने 20 बरस से ज्यादा हो गए। इस कालखंड में यहां कई सरकारी आई और गई। इस राज्य में सबसे ज्यादा समय तक राज करने का गौरव भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है। इस पार्टी के तीन बड़े नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुए। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी बने। इसके बाद अर्जुन मुंडा और रघुवर दास सीएम रहे। हेमंत सोरेन भी पूर्व में सीएम रह चुके हैं। अभी वर्तमान समय में इन्हीं के नेतृत्व में सरकार चल रही है। इतने लंबे कालखंड में यहां की सरकारों ने कई योजनाओं की शुरुआत की। राज्य में रहने वाले महिला, बुजुर्ग, बेरोजगार युवक, दलित और आदिवासियों के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की गई। इन योजनाओं का लाभ यहां के लोगों को मिला भी। अभी वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष के महिलाओं के खाते में 1000 रुपया दिया जा रहा है। इस योजना को प्रमंडल स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया और किया जा रहा है। इस योजना के तहद अब तक 46 लाख बहनों का निबंधन किया जा चुका है। कार्यक्रम में महिलाओं की लाखों में उपस्थित दिख रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस योजना के शुरू होने के चंद दिनों के अंदर ही महिलाओं के खाते में पैसा पहुंच गया है। पूरे झारखंड राज्य में महिलाओं के बीच हेमंत सोरेन की छवि एक सफल मुख्यमंत्री के रूप में उभर कर सामने आया है। यहां की महिलाएं हेमंत सोरेन को दिल खोलकर आशीर्वाद दे रही है। इन महिलाओं का कहना है कि अभी तक किसी भी मुख्यमंत्री ने महिलाओं के हित में ऐसा बड़ा निर्णय नहीं लिया था। झारखंड राज्य में महिलाओं की दीन-हीन स्थिति किसी से छुपा हुआ नहीं है। यहां के लाखों महिलाएं ऐसी थी, जिनका बैंक में अभी तक खाता तक नहीं था। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बहाने ऐसी महिलाओं का बैंक में खाता खुल गया। यह इन महिलाओं के लिए सौभाग्य की बात है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन महिलाओं का खाता खुलने के साथ ही हेमंत सरकार ने उस खाते में 1000 रुपया भी डाल दिया। सरकार के इस कदम से झारखंड की गरीब महिलाएं बाग-बाग हैं। झारखंड बनने के 23 वर्षों के अंदर किसी भी सरकार ने महिलाओं के लिए ऐसा योजना नहीं बनाया। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य के सभी घर में और सभी गांव में अपनी पहुंच बना लिया है। यह किसी आश्चर्य से काम नहीं है। अभी झारखंड राज्य के गांव-गांव में, घर-घर में, चौक चौराहों पर, पान की दुकान में, चाय की दुकान में, बाजार में, यानी हर जगह एक ही चर्चा है। और वह चर्चा है मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना की। विपक्ष भी इस योजना को देखकर हरप्रभ है। चर्चा तो यहां तक शुरू हो गया है कि अगली बार फिर से हेमंत सोरेन के हाथ में ही सत्ता आएगा। झारखंड की महिलाएं हेमंत छोड़कर किसी का नाम सुनना तक पसंद नहीं कर रही है। इन महिलाओं का कहना है कि अभी तक किसी भी मुख्यमंत्री ने हम महिलाओं के लिए नहीं सोचा। अगर किसी मुख्यमंत्री ने सोचा भी तो उसका नाम है हेमंत सोरेन। झारखंड के हर घर को इस योजना का लाभ मिल गया है। इस योजना के विषय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं 卐हमारा समाज और राज्य तभी आगे बढ़ेगा जब यहां के आदिवासी,दलित,गरीब,वंचित, मजदूर-किसान और महिलाएं सशक्त होंगी। इन सभी को साथ लेकर ही मजबूत झारखण्ड का निर्माण संभव हैं। यही वजह है कि इन्हें सशक्त करने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में महिलाओं की गरिमा,मान-सम्मान और हक-अधिकार देने की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति को समर्पित यह योजना इस राज्य की बहन -बेटियों को आगे बढ़ने में काफी मददगार साबित होगा।卐 मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रमंडल स्तर पर इस योजना की शुरुआत कर रहे हैं और वहीं से महिलाओं के खाते में वे पैसे भी ट्रांसफर कर रहे हैं। सरकार का पूरा महकमा इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा है। हर जिले में युद्ध स्तर पर इस कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह योजना सचमुच महिलाओं के लिए हितकारी है। इस योजना का दूरगामी परिणाम भी सरकार को मिलेगा। इसमें किसी तरह का कोई शक नहीं है। झारखंड के बारे में अगर यह कहा जाता है कि प्रचुर खनिज संसाधनों के बावजूद यह राज्य पिछड़ा है और गरीब है। तो इसमें कोई शक नहीं है। यहां पलायन, बेरोजगारी और विस्थापन जिस तरह से मुंह बाए खड़ी है, उसके लिए इस तरह की योजना किसी चमत्कार से काम नहीं है।

## चलते चलते एक नजर

### चैनपुर में भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



**चैनपुर(पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भारतीय जनता पार्टी के चैनपुर मंडल व पथरा मंडल अध्यक्ष के तत्वाधान में दिन शनिवार शाम 5 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने चैनपुर थाना स्थित हेमंत सरकार का पुतला दहन किया। वहीं चैनपुर थाना व विभिन्न इलाके में सरकार के कार्यों का विरोध किया गया तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।इस सरकार के कार्यकाल में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, दुष्कर्म की घटनाओं में इजाफा हुआ है।इस सरकार में कोई किसी का सुनने वाला नहीं है। इसलिए पूरे झारखंड में सरकार के निकम्मेपन को देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार का पुतला दहन किया है।वहीं पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने कहा कि बीते दिन 23 अगस्त दिन शुक्रवार को सभी भाजपा कार्यकर्ता झारखंड की राजधानी रांची में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ युवा आक्रोश रैली निकाली थी। इस रैली में आई भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगहों पर बल प्रयोग किया।पुलिस ने कहीं पर वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले छोड़े, तो कहीं पर लाठीचार्ज भी किया।इसीलिए हम सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी जिलों व प्रखंड के सभी थानों के सामने राज्य सरकार का पुतला दहन करने का काम किया।मौके पर भारतीय जनता पार्टी के ईश्वरी प्रसाद, मनीष पांडे, मनोज दास,दिनेश प्रजापति,घनश्याम प्रसाद, केदार पासी,सुजीत पासवान सहित कई लोग हेमंत सरकार के विरुद्ध पुतला दहन में शामिल रहें।

### हिमंत रांची में और बाबूलाल गिरिडीह में सुनेंगे पीएम के मन की बात

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 113वें संस्करण का प्रसारण 25 अगस्त को होगा। असम के मुख्यमंत्री एवं सह प्रदेश चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा रांची जिले के नामकुम प्रखंड के हुआंग हातु पंचायत के बूथ संख्या 261 और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सुनेंगे।इसके लिए पार्टी की ओर से पुरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं की अनेकों बैठक हो चुकी है। इस कार्यक्रम को बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के तिसरी प्रखंड स्थित कोदाईबांग में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुनेंगे जबकि पार्टी के नेता विधायक दल और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी अपने विधानसभा चंदनक्यारी के बूथ संख्या 119 क्षेत्र में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश महामंत्री एवं सांसद द्वय आदित्य साहु, डॉ. प्रदीप वर्मा रांची ज़िला के ही बूथ क्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी पलामू के अपने बूथ क्षेत्र में इस कार्यक्रम को सुनेंगे।

# ढिबरी युग से उड़दाहा टोला को मिली मुक्ति : मंत्री मिथिलेश

**आजादी के बाद पहली बार उड़दाहा टोला में पहुंची बिजली, मंत्री ने किया उद्घाटन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम रजबंधा के उड़दाहा टोला को ढिबरी युग से मुक्ति मिल गई है। यहां आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंची है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से इस टोला का विद्युतीकरण कार्य संभव हो पाया है। शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर ने यहां हुए विद्युतीकरण का उद्घाटन किया। इस टोला में पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। झमाझम बारिश के बीच उद्घाटन के मौके पर ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को धन्यवाद देते हुए मंत्री श्री ठाकुर एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आजादी के बाद आज तक उड़दाहा टोला बिजली सुविधा से वंचित था। पूर्व के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक यह टोला बिजली जैसी सुविधा से अब तक वंचित रहा। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इतिहास बनाने को तैयार है लातेहार विधानसभा : अविनाश वर्मा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लातेहार विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने लातेहार जिला मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के आवास पर एक संक्षिप्त मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से टाइफाइड के कारण अस्वस्थ चल रहे थे जो अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। अविनाश वर्मा आज अपने यात्रा के क्रम में उपस्थित पार्टी के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर पार्टी द्वारा निर्देशित भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए आक्रोश रैली में राज्य सरकार के दमन मानसिकता के खिलाफ प्रदेश के सभी थानों के समक्ष पुतला दहन के साथ कल 25 अगस्त को मन की बात कार्यक्रम की सफलता पर भी विचारों एवं सुझावों को साझा किया।आज के संक्षिप्त मुलाकात के क्रम में लातेहार प्रभारी अविनाश वर्मा ने कल रांची में पार्टी द्वारा संपन्न आक्रोश रैली कि सफलता पर सभी को बधाई देते हुए राज्य सरकार के द्वारा युवाओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई किए जाने की निंदा करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में लातेहार विधानसभा इतिहास रचेगा। जबकि जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कल के सफल कार्यक्रम के लिए लातेहार जिला के तमाम कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों के साथ प्रदेश के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए आगामी तमाम कार्यक्रमों को भी पूरे जोर शोर से करने का वचन दोहराया ताकि आने वाले दिनों में विधानसभा चुनावों में परचम लहराया जा सके जिसके लिए बहुत जल्द विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत की जाएगी। आज इस मौके पर मुख्य रूप से लातेहार यूवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटु राजा, महामंत्री अश्वनी राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमार गौरव, पलामू भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश्वर शर्मा एवं मंटू पांडे समेत कई लोग मौजूद थे।

# शरद पवार ने बिगाड़ा महाराष्ट्र का माहौल: राज ठाकरे



एजेंसी

**नागपुर** : महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने यहां कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति में पार्टियां तोड़ना और जातिवाद को बढ़ावा देने की शुरुआत एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने ही की। राज्य में सामाजिक और राजनीतिक हालात बिगाड़ने के लिए शरद पवार जिम्मेवार हैं।एमएनएस को मजबूत बनाने के लिए राज्यव्यापी दौरे पर निकले राज ठाकरे ने शनिवार को नागपुर मे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस अवसर पर ठाकरे ने राज्य की बिगड़ी सामाजिक तथा राजनीतिक हालत के लिए शरद पवार को जिम्मेवार ठहराया। एमएनएस प्रमुख ने कहा कि राज्य कि राजनीति में गद्दारी और पार्टी तोड़ने की शुरुआत 1978 मे शरद पवार ने की। इसके बाद पवार ने 1990-91 मे बालासाहब ठाकरे की शिवसेना को तोड़ने का काम किया। राज ठाकरे ने आरोप लगाया कि राज्य मे जातिवाद को बढ़ावा देने का काम शरद पवार ने किया। एनसीपी की स्थापना के बाद चुनाव तक सीमित जातिवाद अब घर-घर पहुंच गया है। ठाकरे ने इस सामाजिक पतन के लिए शरद पवार को जिम्मेदार ठहराया। बदलापुर मे स्कूली छात्राओं के साथ हुए दुष्कर्म पर राज ठाकरे ने कहा कि दिल्ली का निर्भया कांड, कोलकाता केस या बदलापुर दुष्कर्म ऐसी घटनाएं होने के बाद हमेशा राजनीति परवान चढ़ती रही है। कहा कि लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने मोदी और शाह के खिलाफ महाविकास आघाडी के पक्ष में मतदान किया। इंडी गठबंधन द्वारा संविधान को ले कर फैलाए गए झूठ के चलते दलितों ने भी भाजपा के खिलाफ मतदान किया था।

# महुआडांड़ में मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय, पशुपालक परेशान



सतीश कुमार @ प्रभात मंत्र

**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ थाना क्षेत्र में कुछ दिनों मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय है। जिससे प्रखंड के किसान एवं पशुपालक परेशान है। प्रखंड अंतर्गत ग्राम चंपा, हामी, चेतमा, बांसकरचा व सरनाडीह गांव में मवेशियों की चोरी हो चुकी है। बीते रात ग्राम बांसकरचा से तीन एवं चेतमा से चार मवेशियों की चोरी हुई। इस संबंध में बांसकरचा के किसान एवं पशुपालक मदन मुंडा, शशि यादव, भिनसेंट कुजूर ने बताया कि बीते रात करीब 12 बजे घर के सामने बंधी गाय एवं बैलों की चोरी की गई है। वही चेतमा गांव से भी चार मवेशियों की चोरी की गई है। पशुपालक शशि यादव ने बताया की रात करीब 12 बजे अचानक मवेशी के चिल्लाने की आवाज आई जिस पर दरवाजा खोलकर बाहर निकला। लेकिन इतने में ही मवेशी चोरों ने मवेशी को पिकअप वैन में डाला और भाग गये। अंधेरा होने की वजह से गाड़ी का नंबर भी दिखाई नहीं दिया। किसान मदन मुंडा ने बताया की रात में मवेशियों को बांधकर सो गया था जब सुबह देखा तो मवेशी नहीं था जिस रस्सी से मवेशी को बांधा गया था वाराणसी बीच से कटा हुआ दिखाई पड़ा। एक मवेशी की कीमत 20 से 25000 रुपए होती है। जो हमारे कृषि कार्य में काम आता है। चोरी होने के बाद हमें कृषि कार्य के लिए भी परेशानी उठानी पड़ेगी। इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना हमें प्राप्त नहीं हुई है। आप लोगों के माध्यम से यह सूचना हमें मिली है, इस पर विशेष निगरानी की जाएगी। वही महुआडांड़ थाना क्षेत्र के लोगों से अपिल की है कि यदि इस तरह की कोई भी घटना होती है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दे जिससे प्रशासन की ओर से सहयोग किया जा सके।

### जीडी गोयनका स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रांची** : भगवान विष्णु के आठवें अवतार देवकी नंदन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शनिवार को नामकुम स्थित जीडी गोयनका स्कूल में मनाया गया। चारों ओर छोटे-छोटे कृष्ण और सुन्दर-सुन्दर राधा से गोयनका का परिसर सुशोभित हो रहा था। प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से कृष्ण के जन्म की रंगारंग प्रस्तुति दी। छात्रों के जरिये प्रस्तुत दहीहंडी ने कृष्ण जन्मोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने प्रेम के प्रतीक भगवान कृष्ण को अच्छाई और बुराई के बीच की सेतु बताते हुए कहा कि ना अच्छा समय रहता है और ना ही बुरा, तो हर व्यक्ति को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपना कर्म करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने आज के सफल कार्यक्रम के लिए संपूर्ण गोयनका परिवार की सराहना की।

# इस्कॉन द्वारका में जन्माष्टमी महोत्सव का होगा आयोजन



एजेंसी

**नई दिल्ली** : द्वारका इलाके स्थित इस्कॉन मंदिर में 26 अगस्त को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बीच कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इस्कॉन मंदिर प्रशासन के अनुसार जन्माष्टमी का यह कार्यक्रम 26 अगस्त को सुबह 4-30 बजे से श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश के दर्शन के साथ आरंभ होगा। इसके बाद सुबह आठ बजे वैष्णव स्वामी महाराज द्वारा कृष्ण कथा होगी। पूरे दिन मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस बीच कीर्तन के लिए प्रसिद्ध विश्व प्रसिद्ध कीर्तन कलाकार सचिनंदन गौर प्रभु अपनी टीम के साथ विशेष कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। वहीं जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर यानी 25 अगस्त की शाम को 500 से अधिक स्कूली बच्चे कृष्ण के जीवन और लीलाओं को दर्शाने वाले नाटक प्रस्तुत करेंगे।इस्कॉन द्वारका के उपाध्यक्ष श्रीगौर प्रभु ने कहा, ÷जन्माष्टमी के उत्सव को धूमधाम से मनाने के साथ-साथ लोगों के लिए यह जानना भी बेहद जरूरी है कि आखिर भगवान कृष्ण के क्या उपदेश हैं, उनकी शिक्षाएं क्या हैं। भगवद्गीता में स्वयं भगवान कृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से हमें ये शिक्षाएं प्रदान की हैं, जो लाइफ मैनुअल के रूप में हम सबको अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक खुशहाल और संतोषजनक जीवन के लिए कृष्ण की शिक्षाओं को पढ़ना और समझना महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमारे साथ वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, व्यवसायी व अनेक युवा छात्र आगे आए हैं। कृष्ण के संदेशवाहक बनकर वे स्वयंसेवक के रूप में दिल्ली एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में कृष्ण के संदेश को प्रसारित कर रहे हैं। गौर प्रभु ने आगे कहा कि भगवद्गीता और इस्कॉन के संस्थापक श्री प्रभुपाद की लिखी ये पुस्तकें कृष्ण की कृपा का एक रूप हैं। इनके अंदर जीवन बदलने की शक्ति है। जैसा कि उन्होंने हमारा जीवन बदला है।÷ उन्होंने आगे कहा कि इस अवसर पर लगभग पांच लाख से अधिक लोगों के लिए प्रसाद वितरित करने की योजना है। जन्माष्टमी पर कृष्ण का आशीर्वाद प्रसाद के रूप में भी प्राप्त होता है, जो शरीर और आत्मा दोनों का पोषण करता है।